बुधवार, 25 मार्च 2026

**मौसम**



तापमान 23 – 33
आर्द्रता 82%
सूर्योदय: 05:38 सूर्यास्त: 17:49

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अज्ञानता और अंधकार के नाश की अधिष्ठात्री कालरात्रि पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : परिवार का हाथ पकड़ कर चलिये, दूसरों का पैर नहीं पकड़ना पड़ेगा।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# हिंदू, सिख या बौद्ध के अलावा दूसरा धर्म अपनाया तो छिन जाएगा अनुसूचित जाति का दर्जा : उच्चतम न्यायालय

**ऐतिहासिक फैसला**



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार को कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) का कोई व्यक्ति यदि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो धर्मांतरण के समय से ही वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देता है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से संबंधित व्यक्ति, किसी अन्य धर्म को अपनाकर एससी का दर्जा तुरंत और पूरी तरह खो देता है। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के खंड (1) के तहत, राष्ट्रपति ने संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश 1950 को लागू किया, जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए ''अनुसूचित जनजातियां'' के रूप में मान्यता प्राप्त जनजातियों और आदिवासी समुदायों को चिह्नित किया गया है। इसमें कहा गया है कि कोई व्यक्ति संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 के तहत लाभ का दावा तभी कर सकता है जब वह मूल रूप में उस विशेष जनजाति से संबंधित बना रहे और यदि धर्मांतरण या जनजातीय रीति-रिवाजों के दीर्घकालिक परित्याग के कारण उसकी जनजातीय पहचान संदेह में है, तो यह प्रश्न मुकदमे में निर्धारित किए जाने वाला एक तथ्यात्मक मामला बन जाता है। पीठ ने कहा, ''हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने वाले किसी भी व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाएगा। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुच्छेद 3 के तहत यह प्रतिबंध स्पष्ट और पूर्ण है। अनुच्छेद 3 में निर्दिष्ट न किए गए किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है।'' न्यायालय ने कहा कि एक बार जब अनुसूचित जनजाति का कोई व्यक्ति किसी दूसरा धर्म अपना लेता है, तो समय बीतने के साथ-साथ उस विशेष जनजाति के रीति-रिवाज, परंपराएं और अन्य विशेषताएं लुप्त हो सकती हैं। पीठ ने कहा, ''यदि ऐसी स्थिति में यह सिद्ध हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति ने अपने समुदाय के रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों और अन्य विशेषताओं को पूरी तरह से त्याग दिया है और उस विशेष धर्म की प्रथाओं और रीति-रिवाजों का पालन करते हुए परिवर्तित धर्म में आत्मसात हो गया है, तो यह उचित निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ऐसे व्यक्ति को समुदाय का हिस्सा नहीं माना जाएगा।'' शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जब कोई व्यक्ति 1950 के आदेश के आधार पर अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता है तो इस दर्जे के समाप्त होने के साथ ही सभी वैधानिक लाभ, सुरक्षा, आरक्षण, वरीयताओं और अधिकार, जो इस सदस्यता पर आधारित हैं या इससे उत्पन्न होते हैं, स्वतः और तुरंत समाप्त हो जाते हैं। पीठ ने कहा 1950 के आदेश को बाद में 1956 में सिख धर्म मानने वाले व्यक्तियों को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था और बाद में, 1990 में, इस प्रावधान को बौद्ध धर्म मानने वाले व्यक्तियों को शामिल करने के लिए और विस्तारित किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा, ''यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन संशोधनों में से किसी के द्वारा भी ईसाई धर्म को इस आदेश के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है।'' अदालत ने यह भी कहा कि ईसाई धर्म अपने सैद्धांतिक आधार पर जाति की संस्था को नहीं मानता और न ही इसे अपनाता है। पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत, सामाजिक और आध्यात्मिक उद्देश्यों के लिए ऐसे धर्म का पालन करता है, वह वैधानिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति की सदस्यता का दावा कानूनी रूप से नहीं कर सकता है।

## लोकसभा में ट्रांसजेंडर अधिकार विधेयक पारित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने ट्रांसजेंडर की सुरक्षा व अधिकारों से जुड़े संशोधन विधेयक को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने विधेयक पर हुई चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि विधेयक का मकसद उन लोगों को सुरक्षा देना है जिन्हें बायोलॉजिकल समस्याओं की वजह से बायकाट का सामना करना पड़ता है। इस बदलाव से यह पक्का होगा कि ट्रांसजेंडर लोगों को कानूनी पहचान और सुरक्षा दोनों ही मिलती रहेगी। ट्रांसजेंडर के अधिकारों के संरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक-2026 पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री कुमार ने कहा कि इस विधेयक से ट्रांसजेंडर के अधिकारों को प्रभावित करने वाले लोगों को अब अधिकतम 14 साल की जेल की सजा प्रविधान किया गया है।

# 'सीएम पर ही आरोप हो तो क्या ईडी राज्य पुलिस के पास जाए?'

**ईडी की आईपैक छापेमारी के दौरान ममता की 'जबरदस्ती' पर सुप्रीम कोर्ट ने की तीखी टिप्पणी**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने 'आईपैक' पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर याचिका की स्वीकार्यता पर आपत्ति जताने को लेकर मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार से पूछताछ की और जांच एजेंसी से जुड़े अधिकारियों के मौलिक अधिकारों के बारे में सवाल किए। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में याचिकाएं दायर कर यह जानने का आग्रह किया है कि क्या वे केवल एजेंसी के अधिकारी होने के कारण भारत के नागरिक नहीं रह जाते हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारी की पीठ से ममता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अदालत में याचिका दायर करने वाले व्यक्ति को यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि उसके किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की कि कृपया ईडी के उन अधिकारियों के मौलिक अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करें जिनके साथ अपराध किया गया है। यदि आप केवल ईडी, ईडी, ईडी पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं और उस अपराध के शिकार हुए व्यक्तिगत अधिकारियों द्वारा दायर दूसरी याचिका को भूल जाते हैं, तो आप मुख्य मुद्दे से भटक सकते हैं और आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। सिब्बल ने दलील दी कि याचिका दायर करने वाले व्यक्ति (उपनिदेशक रॉबिन बंसल) ने किसी भी मौलिक अधिकार के उल्लंघन का दावा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 'इतना ही नहीं, यदि उन्हें कोई मौलिक अधिकार प्राप्त है, तो याचिका में यह बताना आवश्यक है कि किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने कहा कि इस विशेष मामले में ईडी एक व्यक्ति भी नहीं है। सिब्बल ने कहा कि किसी वैधानिक कर्तव्य के पालन में कोई भी बाधा डालना मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी पुलिस अधिकारी के कार्य में बाधा डालता है, तो वह अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं कर सकता। वह धारा 226 के तहत भी याचिका दायर नहीं कर सकता। उसके कार्यों के निर्वहन के अधिकार का उल्लंघन करने और बाधा डालने के लिए अभियोग चलाया जाएगा। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की कि यदि मुख्यमंत्री ईडी की जांच में हस्तक्षेप करते हैं और कोई अपराध करते हैं, तो ईडी के लिए आपके विचार से उपाय यह है कि वह मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के पास जाए और उन्हें इसकी जानकारी दे और समाधान मांगे? इस सवाल का जवाब देते हुए सिब्बल ने कहा कि माननीय न्यायाधीश यह मान रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने कोई अपराध किया है। सिब्बल ने कहा कि यदि ईडी धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच कर रही है और अधिकारियों के संज्ञान में कोई अन्य अपराध आया है, तो पीएमएलए की धारा 66 के अनुसार इस मामले में संबंधित एजेंसी की ओर से राज्य सरकार को सूचित किया जाना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि हम कुछ भी अनुमान नहीं लगा रहे हैं। यह आरोप है। सुनवाई बेनतीजा रही और यह 14 अप्रैल को जारी रहेगी।

## अब ट्रेन के प्रस्थान करने से आठ घंटे पहले तक टिकट रद्द कराने पर पैसा वापस नहीं मिलेगा

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को टिकट क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि ट्रेन के प्रस्थान करने के आठ घंटे पहले तक कंफर्म टिकट रद्द करने पर कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा, जबकि वर्तमान में यह नियम चार घंटे का है। मंत्री ने बताया कि पुनर्भुगतान का नया नियम इस साल एक से 15 अप्रैल के बीच लागू होगा। उन्होंने बताया कि टिकट रद्दीकरण के अन्य नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब ट्रेन के प्रस्थान करने से 24 घंटे से आठ घंटे पहले टिकट रद्द करने पर केवल 50 प्रतिशत राशि का पुनर्भुगतान किया जाएगा जबकि वर्तमान में यह अवधि 12 घंटे से चार घंटे है। इसी प्रकार, ट्रेन के प्रस्थान करने के समय से 72 से 24 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर टिकट की कुल राशि में से 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। संशोधित नियमों के तहत ट्रेन के प्रस्थान से 72 घंटे से अधिक समय पहले किए गए टिकट रद्दीकरण पर प्रति यात्री एक निश्चित राशि काटने के बाद पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। वर्तमान नीति के तहत ट्रेन के प्रस्थान करने से 48 से 12 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर कुल राशि में 25 प्रतिशत की कटौती होती है, जबकि 48 घंटे से अधिक पहले किए गए रद्द करने पर पूरी राशि वापस कर दी जाती है। वैष्णव ने कहा कि कालाबाजारी और एजेंटों द्वारा अंतिम समय में टिकट की बिक्री को हतोत्साहित करने के लिए पुनर्भुगतान नियमों में बदलाव किया जा रहा है।

## भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का एम्स में निधन

**नयी दिल्ली :** भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राणा (31) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई (पैलिएटिव केयर यूनिट) में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे। एम्स ने एक बयान में कहा, ''हरीश राणा का 24 मार्च को शाम चार बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह डॉक्टरों की एक विशेष टीम की देखरेख में थे और उन्हें ऑन्को-एनेस्थीसिया और पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व वाली पैलिएटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट (आईआर-सीएच) में भर्ती कराया गया था।''

# प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि भारत पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द तनाव कम करने और शांति बहाल करने का समर्थन करता है। इस बातचीत में वैश्विक पोत परिवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के वास्ते ईरान के लिए अमेरिका की ओर से समयसीमा पांच दिन बढ़ाए जाने के एक दिन बाद ट्रंप ने मोदी को फोन किया। मोदी ने कहा, ''भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।'' इस संबंध में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को खुला रखने के महत्व पर विचार-विमर्श किया। गोर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की अभी बातचीत हुई। उन्होंने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल है।''

### ईरान पर हवाई हमलों ने मचाई भारी तबाही, तेहरान ने इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया

**दुबई :** ईरान पर मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान में भारी तबाही मचाई, लेकिन ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने भी इजराइल के तेल अवीव और पश्चिम एशिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत कर रहा है। हजारों और अमेरिकी मरीन सैनिकों के खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना होने, दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर तीव्र हमला जारी रहने और ईरान द्वारा किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार करने के बीच युद्ध तेज होता दिखा।

### भारत के साथ हमारे मजबूत रिश्ते, अमेरिका पर भरोसा नहीं : ईरान

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बघाई ने अमेरिका को लेकर सख्त बयान दिया है. उन्होंने कहा कि पिछले 24 दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच कोई बातचीत या वार्ता नहीं हुई है. उन्होंने अमेरिका की कूटनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता और उसने मध्यस्थता की प्रक्रिया को भी नुकसान पहुंचाया है. प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका इस युद्ध को पूरे क्षेत्र में फैलाने की कोशिश कर रहा है. उनके अनुसार यह एक अवैध युद्ध है और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ईरान के पास अपनी रक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है. उन्होंने कहा कि ईरान ने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उस पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिनका जवाब देना जरूरी है।

# लोगों के बीच धार्मिक आधार पर कोई विभाजन नहीं होना चाहिए : ममता



**जलपाईगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि धर्म के आधार पर लोगों के बीच कोई विभाजन नहीं होना चाहिए और उनकी सरकार की योजनाएं सभी धर्मों के लोगों के लिए हैं। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के चालसा स्थित एक चर्च में सभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह मानवता और भाईचारे में विश्वास करती हैं, जो हर धर्म का मूल संदेश है। हालांकि, उन्होंने किसी पार्टी या व्यक्ति का नाम नहीं लिया। इस दिन, ममता कोलकाता से आने के बाद सीधे सेंट लूसी चर्च गईं, बिशप और अन्य धर्मगुरुओं से मिलीं तथा परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा एवं फिर चर्च के अंदर प्रार्थना की। ममता ने कहा कि हम सभी त्योहार एक साथ मनाते हैं। हम लोगों के बीच कोई विभाजन पैदा नहीं करते। हमारा आदर्श वाक्य है 'धर्मो जर जर उत्सव सबर' (धर्म व्यक्तिगत है, त्योहार सार्वभौमिक हैं)। हम 'जियो और जीने दो' में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस न केवल ईसाई समुदाय के सदस्यों के लिए, बल्कि अन्य धर्मों के लोगों के लिए भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है और यह बंगाल की समावेशी संस्कृति और परंपरा को दर्शाता है। ममता ने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में 25 दिसंबर को छुट्टी नहीं मनाई जाती, जबकि पश्चिम बंगाल में यह हमेशा से छुट्टी का दिन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'जनता की, जनता के लिए और जनता द्वारा' के आदर्श वाक्य का उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की 100 सामाजिक कल्याणकारी पहलों का उद्देश्य सभी तक पहुंचना है।

### मुख्यमंत्री ममता ने चुनाव से पहले 23 पदों से दिया इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को विभिन्न विभागों और संबद्ध निकायों में 23 पदों से इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति से मिली। राज्य के गृह विभाग के एक पत्र में, राज्य सरकार में उसके समकक्ष विभागों को निर्देश दिया गया कि वे मुख्यमंत्री द्वारा उल्लिखित पदों के साथ-साथ उन सभी अन्य पदों से भी उनके इस्तीफे को स्वीकार करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, जिनका उल्लेख उनके पत्र में स्पष्ट रूप से नहीं किया गया हो। पत्र में लिखा है कि मुझे उस पत्र की एक प्रति अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ममता बनर्जी ने संलग्न सूची में उल्लिखित पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। मौजूदा मुख्यमंत्री ने राज्य स्वास्थ्य मिशन के प्रमुख, राज्य वन्यजीव बोर्ड अध्यक्ष, पर्यावरण पर्यटन सलाहकार बोर्ड, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती समिति अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल उर्दू अकादमी के शासी निकाय सहित अन्य पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बांग्ला संगीत मेला की आयोजन समिति की प्रमुख और राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजातीय सलाहकार परिषद प्रमुख पद से भी इस्तीफा दे दिया। ममता ने राज्य औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन बोर्ड और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से भी इस्तीफा दे दिया। विभागों को यह भी निर्देश दिया गया है कि इन सभी पदों के संबंध में इस्तीफे स्वीकार करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाए।

# 'पश्चिम बंगाल को छोड़कर, अन्य राज्यों में एसआईआर सुचारू रहा', सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**कहा : 'एसआईआर मामले में संबंधित पक्ष शिकायतें कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष रखें'**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य वादियों से कहा कि वे पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित अपनी शिकायतों को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखें। राज्य में विवादों से घिरी एसआईआर प्रक्रिया का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस राज्य को छोड़कर पूरे देश में यह प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल (अन्य राज्यों में) शायद ही कोई मुकदमेबाजी है। मुझे लगता है कि कुछ राज्य ऐसे हैं जहां एसआईआर के बाद (हटाए जाने की) दर अधिक है। कई याचिकाओं की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि उठाए गए कई मुद्दे प्रशासनिक प्रकृति के हैं और उनका निपटारा कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने न्यायालय के 10 मार्च के उस आदेश का हवाला दिया जिसमें पुनरीक्षण प्रक्रिया से उत्पन्न दावों और आपत्तियों के निपटान के लिए एक ढांचा निर्धारित किया गया था। उन्होंने समयसीमा से संबंधित मुद्दों को उठाया, यह देखते हुए कि मतदान से सात दिन पहले मतदाता सूचियों को फ्रीज करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई उम्मीदवार जिनके नाम विचाराधीन हैं, निर्धारित समय सीमा के भीतर नामांकन दाखिल करने में असमर्थ हो सकते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि मतदाताओं की पूरी पूरक सूची अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है और उन्होंने सुझाव दिया कि जांच में सुविधा के लिए राजनीतिक दलों को इसकी 'सॉफ्ट कॉपी' उपलब्ध कराई जाए। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्री नायडू ने कहा कि निर्वाचन आयोग दैनिक आधार पर पूरक सूचियां प्रकाशित करने को तैयार है। न्यायालय ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने की समयसीमा बढ़ाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी ध्यान दिया और कहा कि वह इस पर विचार कर सकता है।

### चुनाव आयोग की वेबसाइट पर तकनीकी संकट, सभी मतदाता दिखे 'विचाराधीन'

**अधिकारियों ने 'तकनीकी त्रुटि' बताया, सुधार का दिया आश्वासन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया ने एक नया तकनीकी विवाद खड़ा कर दिया है। गत सोमवार की रात चुनाव आयोग द्वारा पूरक मतदाता सूची (सप्लीमेंट्री लिस्ट) जारी किए जाने के बाद मंगलवार को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भारी गड़बड़ी देखने को मिली। शिकायत है कि अब पोर्टल पर अपना ईपीआईसी नंबर डालकर सर्च करने पर लगभग सभी मतदाताओं का स्टेटस 'विचाराधीन' दिखाई दे रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन मतदाताओं के नाम 28 फरवरी को प्रकाशित 'फाइनल' वोटर लिस्ट में सुरक्षित थे, उन्हें भी अब वेबसाइट पर विचाराधीन श्रेणी में डाल दिया गया है। इस विसंगति के कारण राज्य भर के मतदाताओं में भारी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। चुनाव कार्यालय में शिकायतों और फोन कॉल्स का तांता लगा हुआ है। इस बीच, अधिकारियों ने इसे 'तकनीकी त्रुटि' बताते हुए जल्द सुधार का भरोसा दिया है।

# प.एशिया संकट से भारत में उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिए सात नये समूह गठित : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए अधिकार संपन्न सात नये समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर राज्यसभा में अपनी ओर से वक्तव्य देते हुए कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। ''इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्था के आधारभूत स्तंभ मजबूत हैं तथा सरकार पल पल बदलते हालात पर नजर रखे हुए है। सरकार इसके अल्पकालिक, मध्य कालिक एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर नजर रखने के लिए एक रणनीति के तहत काम कर रही है।'' मोदी ने कहा कि सरकार ने एक अंतर मंत्रालयी समूह बनाया है जो नियमित बैठक कर आयात-निर्यात में आने वाली बाधाओं का आकलन करता है। उन्होंने कहा कि जैसे कोरोना महामारी के दौरान अलग अलग क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के विभिन्न अधिकार संपन्न समूह बने थे, वैसे ही कल सात नये अधिकार संपन्न समूहों का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समूह गैस, महंगाई आदि विषयों पर विचार कर समाधान के लिए काम करेंगे। मोदी ने कहा कि उन्होंने युद्ध की शुरुआत के बाद से पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो दौर में फोन पर बात की है। ''हम खाड़ी के सभी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। हम ईरान, इजराइल और अमेरिका के साथ भी संपर्क में हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य संवाद और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है। हमने संघर्ष को कम करने और होर्मुज मार्ग को खोलने के बारे में भी बातचीत की है।''

**'इस युद्ध के प्रभाव लंबे वक्त तक रहेंगे', बोले पीएम मोदी, राज्य सरकारों को दिए दो टास्क**

प्रधानमंत्री ने वर्तमान परिस्थितियों का फायदा उठाने वाले काला बाजारियों और जमाखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य सरकारों को दो प्रमुख कार्य सौंपे हैं: पहला, आवश्यक वस्तुओं की निरंतर निगरानी करना और दूसरा, जहां भी जमाखोरी की शिकायत मिले, वहां तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संकट के समय आम जनता को महंगाई से बचाना शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### भारत की तैयारियों को मजबूत करने के लिए पश्चिम एशिया में संघर्ष का अध्ययन करें अधिकारी : राजनाथ

नयी दिल्ली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सैन्य नेतृत्व को पश्चिम एशिया संघर्ष का व्यापक अध्ययन करने का निर्देश दिया ताकि भारत की सैन्य तैयारियों को मजबूत किया जा सके और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित किया जा सके। सिंह और शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने रक्षा उपकरणों की खरीद और उत्पादन के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संदर्भ में पश्चिम एशिया संघर्ष और भारत पर इसके संभावित प्रभाव पर विचार-विमर्श किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, रक्षा मंत्री को वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य, जारी संघर्षों के संभावित रूप से बढ़ने के भारत पर प्रभाव, साथ ही वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें यह भी बताया गया कि मौजूदा उपकरणों के रखरखाव और सेवाक्षमता सहित रक्षा उपकरणों की खरीद और उत्पादन के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर स्थिति के प्रभाव का भी विश्लेषण किया गया।

## मौतें सबसे स्वच्छ शहर पर कलंक

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा?

लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे-बड़े शहरों में गाहे-बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। सवाल है कि जब नागरिकों को स्वच्छ हवा और जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा जाएगा तो जीवनयापन को सुगम कैसे बनाया जा सकता है? मध्य प्रदेश की दोहरे इंजन वाली सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है। कोई भी बड़ी योजना व नारा तब तक अर्थहीन है जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का समर्थन प्राप्त न हो। सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार अनुच्छेद-21 के तरह जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की त्रासदी दर्शाती है कि शहरी बुनियादी ढांचे के खराब रखरखाव के कारण इस अधिकार का उल्लंघन कितनी आसानी से हो सकता है। निष्कर्ष यह भी है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और शासन संबंधी नारे व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। इंदौर की घटना के बाद देश के सभी राज्यों में संबंधित विभागों व स्थानीय निकायों को पेयजल से जुड़ी व्यवस्था का ध्यान रखना होगा कि कहीं पेयजल आपूर्ति लाइन जर्जर होकर दूषित पानी से तो नहीं मिल रही है। पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइप लाइनों का नियमित रूप से अवलोकन होना चाहिए। इस बाबत मंत्रालय और निकाय के अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। ऐसे गंभीर मामलों में लापरवाही के दोषियों को सख्त सजा देने का भी प्रावधान होना चाहिए। यह मामला गैर इरादतन हत्या जैसा भी तो है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 मार्च, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष सप्तमी, 13:53 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 17:34 तक, योग : आयुष्मान, 06:01 तक, सूर्योदय: 05:38, सूर्यास्त: 17:49, चन्द्रोदय : 10:19, चन्द्रास्त: 24:36, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 11:42 से 13:13

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन कई राशियों के लिए नए अवसर और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। मेष राशि वालों के लिए आज का समय सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने के संकेत दे रहा है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के मन में आज प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत रहेगी और अपनी मधुर वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में सफल रहेंगे। लंबी यात्रा की योजना बन सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लिए आज का दिन धैर्य और संयम से आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। कारोबार में जल्दबाजी में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही बेहतर रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में टीम के साथ मिलकर काम करने का अच्छा अवसर मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लिए आज का दिन विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। आपको अपनी पसंद का काम मिलने की संभावना है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और संतोष का अनुभव कराने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में भी मधुरता आएगी।

**तुला :** तुला राशि के लिए आज का दिन करियर के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से राहत और खुशी दोनों मिलेगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के आसपास आज का वातावरण काफी सकारात्मक और खुशनुमा बना रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में सफल रहेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लिए आज का दिन प्रगति और जिम्मेदारियों के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपके पद या आय में वृद्धि के योग भी बन सकते हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए आज का दिन रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ने का अवसर लेकर आ सकता है। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलने की संभावना है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लिए आज का दिन खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह दे रहा है। आपको अपने आसपास मौजूद विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है और कामकाज के क्षेत्र में कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है।

# अज्ञानता और अंधकार के नाश की अधिष्ठात्री कालरात्रि


अशोक प्रवृद्ध

गहन अंधकार के समान वर्ण वाली, बिखरे हुए केश और गले में विद्युत की माला धारण करने वाली माता कालरात्रि शक्ति का वह प्रचंड स्वरूप हैं, जो काल का भी अंत करने में सक्षम है। नवरात्रि के सातवें दिन पूजी जाने वाली देवी कालरात्रि केवल भय का प्रतीक नहीं, बल्कि अज्ञानता और अंधकार के नाश की अधिष्ठात्री हैं। उनका विकराल रूप यह संदेश देता है कि सत्य की रक्षा के लिए कभी-कभी उग्रता अनिवार्य होती है। जहां एक ओर वे दुष्टों के लिए काल हैं, वहीं अपने भक्तों के लिए वे शुभंकारी हैं, जो भय, रोग और शत्रुओं का शमन कर जीवन में निर्भयता का संचार करती हैं। भगवती दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयानक और विकराल है, परंतु उनका हृदय ममतामयी है। मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य (दुर्गा सप्तशती) के अनुसार जब दैत्यराज शुंभ-निशुंभ ने इंद्र का राज्य छीन लिया और स्वर्ग पर अधिकार कर लिया, तब देवताओं ने हिमालय पर जाकर देवी की स्तुति की। युद्ध के दौरान जब भयानक राक्षस रक्तबीज सामने आया, तो एक विकट स्थिति उत्पन्न हो गई। रक्तबीज को वरदान प्राप्त था कि उसके शरीर से रक्त की जितनी बूंदें भूमि पर गिरेंगी, उतने ही शक्तिशाली रक्तबीज पुन: उत्पन्न हो जाएंगे। जब देवी अंबिका उस पर प्रहार करतीं, तो उसके रक्त से हजारों असुर जन्म ले लेते। तब देवी ने अपनी भौंहों के मध्य से अपनी संहारकारी शक्ति को प्रकट किया। यह शक्ति अत्यंत कृष्ण वर्ण अर्थात काली, गले में मुंडों की माला धारण किए हुए और गधे की सवारी पर सवार थीं। उन्होंने अपनी जिह्वा का विस्तार किया और रक्तबीज के रक्त को भूमि पर गिरने से पहले ही पीना शुरू कर दिया। इस प्रकार देवी ने रक्तबीज का समूल नाश किया। उनके इसी संहारक और अंधकार को निगल जाने वाले रूप को कालरात्रि कहा गया। इनका रंग अंधकार की भांति गहरा काला है, जो इस बात का प्रतीक है कि प्रलय के समय सब कुछ उन्हीं में समाहित हो जाता है। इनके बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की भांति चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र ब्रह्मांड की भांति गोल हैं, जिनसे अग्नि की किरणें निकलती हैं। ऊपर उठा हुआ दाहिना हाथ वरमुद्रा (आशीर्वाद) में और नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाएं हाथों में खड्ग और लोहे का कांटा है। इनका वाहन गर्दभ (गधा) है, जो धैर्य और कठिन परिश्रम का प्रतीक है। माता कालरात्रि को शुभंकरी भी कहा जाता है क्योंकि उनका रूप भले ही भयानक हो, वे सदैव शुभ फल देने वाली हैं। उनसे भक्तों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। ज्योतिषीय दृष्टि से देवी कालरात्रि शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं। उनकी पूजा से शनि के दुष्प्रभाव और अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। तंत्र साधना में सप्तमी की रात (महासप्तमी) का विशेष महत्व है। साधक इस



दिन भानु चक्र में ध्यान लगाकर ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खोलते हैं। ये देवी हमारे भीतर के अज्ञान, आलस्य और तामसिक प्रवृत्तियों के अंधकार को नष्ट कर ज्ञान का प्रकाश लाती हैं। इनका मंत्र है- एकावेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्त शरीरिणी।। वामपादोल्लसल्लोह लताकण्टकभूषणा। वर्धन मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी।।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माता कालरात्रि का संबंध शनि ग्रह से है। नवग्रहों में शनि को न्याय का देवता और कर्मफल प्रदाता माना जाता है। माता कालरात्रि शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं, इसलिए उनकी पूजा ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है। जिन जातकों की कुंडली में शनि प्रतिकूल स्थिति में हो या जो साढ़ेसाती, ढैय्या या शनि की महादशा से गुजर रहे हों, उनके लिए माता कालरात्रि की पूजा अमोघ फलदायी है। वे शनि के कार्यों में देरी, मानसिक तनाव, और शारीरिक कष्ट आदि नकारात्मक प्रभावों को शांत करती हैं। यद्यपि इनका मुख्य संबंध शनि से है, लेकिन कालरात्रि का स्वरूप समय अर्थात काल का संहारक है। इसलिए, जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष या राहु-केतु जनित आकस्मिक बाधाएं होती हैं, उन्हें माता कालरात्रि की शरण में जाने से सुरक्षा प्राप्त होती है। शनि देव आयु के कारक भी हैं। कालरात्रि की आराधना से जातक को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है और दुर्घटनाओं के योग टल जाते हैं। वे अपने भक्तों की काल अर्थात मृत्यु से रक्षा करती हैं। ज्योतिष में आठवें भाव को गुप्त विद्याओं, तंत्र और मृत्यु का घर माना जाता है। माता कालरात्रि की ऊर्जा इसी भाव के रहस्यों को सुलझाने में सहायक होती है। तंत्र साधना करने वाले ज्योतिषी और साधक महासप्तमी की रात को विशेष अनुष्ठान करते हैं ताकि वे सूक्ष्म जगत की शक्तियों पर विजय प्राप्त कर सकें। शनि जब पीड़ित होता है, तो व्यक्ति को गुप्त शत्रुओं और तंत्र-मंत्र का भय सताता है। माता कालरात्रि का शुभंकरी स्वरूप जातक के चारों ओर एक सुरक्षा कवच बना देता है, जिससे नकारात्मक शक्तियां निष्प्रभावी हो जाती हैं। मार्कंडेय पुराण के अनुसार माता कालरात्रि का संबंध नागदौन नामक दिव्य औषधि से है। माता कालरात्रि को नागदौन का अधिष्ठात्री माना जाता है। यह पौधा रोगों का नाश करने और मन-मस्तिष्क के विकारों को दूर करने के लिए प्रसिद्ध है। नागदौन को रक्त शोधक माना जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालकर रक्त को शुद्ध करने में मदद करता है। यह औषधि पाचन संबंधी समस्याओं जैसे अपच, पेट फूलना और पेट दर्द में अत्यंत लाभकारी है। आयुर्वेद में नागदौन के पत्तों का उपयोग बवासीर और अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी स्थितियों में राहत पाने के लिए किया जाता है। इसके पत्तों को गर्म करके अरंडी के तेल के साथ लगाने से जोड़ों के दर्द और सूजन में कमी आती है। माता कालरात्रि को महायोगिनी कहा जाता है, जो तंत्रिका तंत्र और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। नागदौन औषधि का सेवन मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ाने और तनाव व अवसाद जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर करने में सहायक होता है। ऐसी मान्यता है कि घर में नागदौन का पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है और सांप जैसे विषैले जीवों का भय कम होता है। यह पौधा आरोग्य और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। माता कालरात्रि का स्वरूप हमें जीवन के सबसे कठिन सत्यों का सामना करने का साहस प्रदान करता है। वे हमें सिखाती हैं कि बाह्य स्वरूप की भयावहता के भीतर ही कल्याणकारी शक्तियां वास करती हैं। उनकी आराधना केवल शत्रुओं पर विजय के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर छिपे मोह, लोभ और क्रोध जैसे राक्षसों को नष्ट करने के लिए की जाती है। जब भक्त माता के इस रूप के प्रति पूर्ण समर्पण करता है, तो उसके जीवन से भय का अंधकार छँट जाता है और उसे आत्मिक शांति व सुरक्षा का वरदान प्राप्त होता है। वास्तव में, कालरात्रि वह ज्योति है जो घोर अंधकार में भी मार्ग प्रशस्त करती है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# धर्म बदलते ही खत्म होगा एससी दर्जा, सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया सख्त नियम


अजय कुमार

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने सामाजिक न्याय की पूरी बहस को फिर से गरमा दिया है। अदालत ने साफ कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी और धर्म में जाने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खो देता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए आया, जिसमें गुंटूर जिले के चिंतादा आनंद नाम के एक पादरी की याचिका खारिज की गई थी। चिंतादा आनंद ने कुछ लोगों पर जातिगत गाली-गलौज और हमले का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून के तहत मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन आरोपियों ने कहा कि वह तो दशक से ज्यादा समय से ईसाई धर्म अपनाकर पादरी का काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अब वह संरक्षण नहीं मिल सकता। हाईकोर्ट ने इस दलील को माना और अब सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ ने भी वही रुख अपनाया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि अपीलकर्ता के ईसाई बनने और सक्रिय रूप से प्रार्थनाएं कराने के सबूत साफ हैं, इसलिए एससी का दर्जा खत्म माना जाएगा।यह फैसला कोई नया कानून नहीं बनाता, बल्कि 1950 के संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश की धारा 3 को दोहराता है। उस आदेश में लिखा है कि अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ उन लोगों को मिलता है जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म मानते हैं। कोई अन्य धर्म अपनाने पर जन्म से मिला यह हक स्वतः खत्म हो जाता है। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि यह प्रतिबंध पूर्ण है, इसमें कोई छूट या अपवाद नहीं। चाहे व्यक्ति का जन्म किसी भी दलित परिवार में हुआ हो, अगर वह ईसाई या मुस्लिम बन जाता है तो वह अब अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रहता। ईसाई धर्म में जाति की कोई व्यवस्था नहीं मानी जाती, इसलिए जातिगत अत्याचार का कानून भी उस पर लागू नहीं होता। चिंतादा आनंद गांव में घर-घर रविवार की प्रार्थनाएं कराते थे, पादरी के रूप में काम करते थे। कोर्ट ने इन तथ्यों को देखते हुए कहा कि घटना के समय वह ईसाई धर्म का पालन कर रहे थे, इसलिए एससी-एसटी एक्ट के तहत शिकायत का आधार ही नहीं बनता।

इस फैसले की गहराई समझने के लिए हमें संविधान की मूल भावना को याद करना होगा। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा ने अनुसूचित जाति को विशेष दर्जा इसलिए दिया क्योंकि हिंदू समाज में सदियों से छुआछूत और अस्पृश्यता का भयानक अन्याय चला था। यह दर्जा ऐतिहासिक दमन की याद दिलाता है, न कि किसी व्यक्तिगत पसंद का। 1950 का आदेश शुरू में सिर्फ हिंदुओं के लिए था। बाद में सिखों को 1956 में और बौद्धों को 1990 में शामिल किया गया क्योंकि इन धर्मों में भी जातीय संरचना बनी रही। लेकिन इस्लाम और ईसाई धर्म खुद को जातिविहीन बताते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई इनमें चला जाता है तो ऐतिहासिक पीड़ा का आधार भी खत्म हो जाता है। इसलिए आरक्षण, सरकारी नौकरियां, शिक्षा में सीटें, छात्रवृत्तियां और कानूनी सुरक्षा जैसे लाभ अब नहीं मिल सकते।फैसले के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या इससे धर्मांतरण रुकेगा? अनुच्छेद 25 के तहत धर्म बदलना हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। कोई भी व्यक्ति अपनी आस्था बदल सकता है, प्रचार कर सकता है। लेकिन क्या यह अधिकार राज्य द्वारा दिए गए आरक्षण जैसे लाभों पर भी लागू होता है? सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया नहीं। लाभ उस धर्म में झेली गई पीड़ा से जुड़े हैं, न कि व्यक्ति की नई आस्था से। अगर कोई दलित ईसाई बनकर भी पुराना एससी सर्टिफिकेट दिखाकर फायदा उठाता रहे तो असली हिंदू दलितों का हक छिन जाएगा। कोटा सीमित है, संसाधन सीमित हैं। नई आबादी जुड़ने से मौजूदा लाभार्थियों का हिस्सा कम हो जाएगा। राजनीति में भी असर पड़ेगा। आरक्षित सीटों पर उम्मीदवारों का चरित्र बदल सकता है। जो लोग धर्म बदलकर लाभ लेते रहे, उनके लिए अब रास्ता बंद हो गया।

लेकिन यह मुद्दा इतना सरल भी नहीं है। लंबे समय से एक बड़ा विवाद चल रहा है क्या ईसाई और मुस्लिम दलितों को भी अनुसूचित जाति का दर्जा देना चाहिए? 2007 में रंगनाथ मिश्रा आयोग ने सिफारिश की थी कि सभी धर्मों के दलितों को आरक्षण मिले क्योंकि सामाजिक पिछड़ापन धर्म बदलने से नहीं मिटता। लेकिन केंद्र सरकार ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। सरकार का कहना था कि आयोग ने बिना जमीनी अध्ययन के सिफारिश कर दी। अब पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन की अध्यक्षता में नया आयोग इस पूरे मसले पर गहराई से विचार कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में भी कई याचिकाएं लंबित हैं। इस फैसले ने उस बहस को और तेज कर दिया है। फिलहाल कोर्ट ने कहा कि बदलाव अगर करना है तो संसद करे, अदालत नहीं। 1950 का आदेश अभी पूरी तरह लागू है।सामाजिक रूप से देखें तो धर्मांतरण अक्सर बेहतर जीवन की तलाश में होता है। कई दलित परिवार सोचते हैं कि हिंदू समाज में मिलने वाला अपमान ईसाई या मुस्लिम बनकर कम हो जाएगा। लेकिन हकीकत में कई जगहों पर जाति की छाया उन नए धर्मों में भी दिखती है। फिर भी कानून साफ है। अगर कोई व्यक्ति वापस हिंदू हो जाता है और उसका समुदाय उसे स्वीकार कर लेता है तो दर्जा बहाल हो सकता है। लेकिन एक साथ दो धर्मों का पालन करके एससी का दावा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस मामले में सबूतों पर जोर दिया। अगर कोई पादरी का काम कर रहा है, प्रार्थनाएं आयोजित कर रहा है तो वह ईसाई ही माना जाएगा। चिंतादा आनंद के मामले में यही हुआ।

आरक्षण का मकसद सामाजिक समानता लाना है, न कि धर्म बदलने को बढ़ावा देना। अगर बदलने से भी लाभ मिलते रहें तो मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। सरकारी नौकरियों, विधानसभाओं और लोकसभा में सीटें उन लोगों के लिए आरक्षित हैं जिन्होंने हिंदू समाज में दमन झेला। ईसाई या मुस्लिम बनकर वे अब उस दमन की श्रेणी से बाहर हो जाते हैं। हालांकि वे ओबीसी या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में शामिल हो सकते हैं अगर उनका समुदाय सूची में है, लेकिन एससी का विशेष दर्जा नहीं मिलेगा। यह फैसला उन लोगों के लिए भी चेतावनी है जो धर्मांतरण को सिर्फ फायदे का साधन बनाते हैं। सच्चा परिवर्तन आस्था से होना चाहिए, आरक्षण के लालच से नहीं।देश की एकता के नजरिए से भी यह फैसला अहम है। भारत विविधताओं का देश है, लेकिन संविधान ने सामाजिक न्याय को कुछ धर्मों तक सीमित रखा है। अगर हर धर्म को एससी दर्जा दे दिया जाए तो पूरी आरक्षण व्यवस्था चरमरा सकती है। कोटा बढ़ाने से पहले आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण जरूरी है। सरकार ने यही रुख अपनाया है। नया आयोग इसी दिशा में काम कर रहा है। फैसले से दलित समाज में दो धड़ों में बंटाव हो सकता है एक वे जो हिंदू रहकर संघर्ष कर रहे हैं, दूसरे वे जो धर्म बदल चुके हैं। लेकिन कोर्ट ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। कोई भी व्यक्ति दो श्रेणियों का लाभ एक साथ नहीं ले सकता।

इस फैसले ने एक बार फिर साबित किया कि संविधान सर्वोच्च है। अदालत न भावनाओं से प्रभावित होती है, न राजनीतिक दबाव से। उसने 1950 के आदेश को दोहराया और कहा कि यह पूर्ण प्रतिबंध है। अब अगर बदलाव करना है तो संसद करे। चिंतादा आनंद की याचिका खारिज होने से उनका मुकदमा भी प्रभावित होगा। लेकिन इससे बड़े सवाल पर बहस शुरू हो गई है क्या सामाजिक पिछड़ापन धर्म से ऊपर है? जवाब अभी लंबित है, लेकिन फिलहाल संविधान की मूल भावना जीत गई।भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय की राह हमेशा कठिन रही है। एक तरफ आरक्षण जरूरी है पिछड़ेपन को मिटाने के लिए, दूसरी तरफ इसके दुरुपयोग को रोकना भी उतना ही जरूरी। इस फैसले ने दुरुपयोग की एक बड़ी खिड़की बंद कर दी। अब जरूरत है कि सरकार और समाज मिलकर उन दलितों की मदद करें जो बिना धर्म बदले संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की योजनाएं और मजबूत हों। जातिगत भेदभाव पर सख्ती बढ़े। तभी सच्चा बदलाव आएगा।सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक भी है। यह कहता है कि संविधान की रक्षा करो, उसकी भावना को मत तोड़ो। धर्म परिवर्तन व्यक्तिगत आस्था का मामला है, लेकिन राज्य के लाभ संवैधानिक सीमाओं में बंधे रहेंगे। यह फैसला देश को याद दिलाता है कि न्याय की राह पर चलते हुए संतुलन बनाए रखना होगा न तो धर्म की आड़ में लाभ लूटने दो, न ही असली दलितों का हक किसी को छीनने दो। सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी, लेकिन संविधान की दीवार मजबूत बनी रहेगी।

## विदेश की खबरें

### रूस ने यूक्रेन पर करीब 400 ड्रोन दागे, चार लोगों की मौत, कम से कम 27 लोग घायल

**कीव :** रूस की ओर से यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 27 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मॉस्को की सेना ने यूक्रेनी अग्रिम पंक्ति की रक्षा पंक्ति को भेदने के प्रयासों को तेज कर दिया है, जो वसंत ऋतु में होने वाले संभावित जमीनी आक्रमण की शुरुआत हो सकती है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में लगभग 400 लंबी दूरी के ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों में सबसे बड़ा हमला है। यह हमला मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जब दिन के उजाले में भी कई ड्रोन ने राजधानी कीव को निशाना बनाया। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि इसके अलावा, रूस ने रात में 23 क्रूज मिसाइल और सात बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं, जिनसे देशभर में कम से कम 10 स्थान प्रभावित हुए।

### बांग्लादेश के प्रभावशाली पूर्व सैन्य जनरल गिरफ्तार

**ढाका :** बांग्लादेश में एक प्रभावशाली पूर्व सैन्य जनरल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने 2007 में कार्यवाहक सरकार के स्थान पर सेना समर्थित अंतरिम सरकार के सत्तारूढ़ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। कार्यवाहक सरकार के बारे में माना जाता था कि वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर झुकी हुई थी, जिसका नेतृत्व अब प्रधानमंत्री तारिक रहमान कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसके कर्मियों ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मसूद उद्दीन चौधरी को गिरफ्तार किया, जो 2007 में सरकार बदलने और एक अंतरिम सरकार स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। अंतरिम सरकार ने 2008 के चुनाव तक अगले दो वर्षों तक देश का संचालन किया। जांच शाखा के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने पत्रकारों को बताया, जांच शाखा ने कल रात चौधरी को उनके ढाका स्थित बारीधारा आवास से गिरफ्तार किया।

## वर्ग पहेली नं. 3389



बायें से दायें:- 2) अभी बना, 3) विशेषज्ञ; दक्ष, 6) धरती, 8) दुलार, 9) सृष्टि; दृश्य, 10) नोक, 12) निरंकुश; मनचाहा, 13) दिन काटना, 15) आमदनी, 16) वार्तालाप, 19) स्त्री, 20) मनोनीत, 22) मजाल; हिम्मत, 24) हिस्सा; टहनी, 26) टिकाना, 27) उथलपुथल.

ऊपर से नीचे:- 1) पहला; आरंभिक, 2) एक जगप्रसिद्ध मक़बरा, 3) संपर्क; शीतलता, 4) गरदन, 5) छटपटाना, 6) आवश्यकतानुसार, 7) पहिया, 11) अहोरात्र; हमेशा, 13) डरपोक, 14) सितम; पीड़ा, 15) बहानेबाज़ी; टालमटोल, 16) सम्राट, 17) एक धारीदार हिंसक पशु, 18) परिवर्तित, 21) पुरुषीय; बहादुर, 23) चौपाया, 25) चमड़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | घ्न | ■ | मो | ■ | दु | म | ■ | कु | ख्या |
| ज | ■ | च | र | स | ■ | ज़ | ह | री | ■ |
| या | त्रि | क | ■ | ब | द | बू | ■ | ब | स्ता |
| द | ■ | ला | य | क़ | ■ | र | हि | त | ■ |
| श | क | ■ | क़ी | ■ | म | न | ■ | री | ■ |
| मी | न | ■ | न | ग | द | ■ | ख़ा | न | गी |
| ■ | क | मा | न | ■ | द | स्त | क | ■ | ला |
| प | ■ | हि | ■ | अं | गा | र | ■ | पा | प |
| ति | त | र | बि | त | र | ■ | आ | स | न |

## सुडोकू-पहेली-3347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 2 |
| | 5 | 9 | | | | | | |
| | | | | | | | 7 | 3 |
| 8 | 7 | | 6 | | | | 2 | 5 |
| 6 | | 5 | 7 | | | 4 | | |
| | | | | | 1 | | | |
| | | | 1 | | 6 | | | |
| 7 | | | | | | | 3 | |
| 9 | 4 | 1 | | | 2 | | | 8 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3346 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 |

# विधानसभा चुनाव : सरकार ने स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव को हिंसा और भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी सरकारी विभागों और अधिकारियों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अनियमितता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नवान्न स्थित राज्य सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में चुनाव के दौरान पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए छह प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें सबसे



अधिक प्राथमिकता हिंसा-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने को दी गई है और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। राज्य सरकार ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि मतदाताओं को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश को रोका जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय दबाव या भय का सामना न करे। दिशा-निर्देश में यह भी कहा गया है कि चुनाव पूरी तरह प्रलोभन-मुक्त होने चाहिए। मतदाताओं को पैसे या उपहार देकर प्रभावित करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने फर्जी मतदान, जिसे आम तौर पर बूथ कब्जा या छापा मतदान कहा जाता है, के खिलाफ भी शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने की बात कही है। इसके अलावा, बूथ जाम करने या मतदान केंद्रों पर अवैध भीड़ जमा करने की घटनाओं को रोकने के लिए भी कड़े उपाय तय किए गए हैं। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मतदाताओं की आवाजाही रोकने की किसी भी कोशिश पर कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही, सभी सरकारी कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नवान्न की ओर से कहा गया है कि इन दिशा-निर्देशों को सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं तथा नगर निकाय और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाए। साथ ही, सभी विभागों को 25 मार्च शाम 5:30 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित ईमेल पते पर भेजने को कहा गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह कदम पिछले चुनावों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि इस बार पहले से ही एहतियाती व्यवस्था की जा सके। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि दिशा-निर्देशों या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गरिया में ब्यूटी पार्लर में विवाहिता की बेरहमी से हत्या कर कश्मीरी युवक ने की खुदकुशी

### विवाहेतर संबंधों में तनाव घटना का कारण

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में स्थित गरिया के महामायातला क्षेत्र से मंगलवार को दो शव बरामद किए गए। एक व्यक्ति ने एक महिला की उसके ब्यूटी पार्लर के अंदर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी, और बाद में खुदकुशी कर ली। पुलिस ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना तनावपूर्ण संबंधों के कारण हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृत महिला की पहचान रूपबानी दास (50) के रूप में हुई है। वह गरिया के नरेंद्रपुर थाना अंतर्गत महामायातला में एक ब्यूटी पार्लर चलाती थी। मंगलवार को कश्मीर का एक युवक पार्लर में घुसा और उसने एक धारदार हथियार से




महिला पर वार करना शुरू कर दिया। वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। इस भयावह दृश्य को देखकर आसपास के दुकानदार दहशत में भाग गए। सूचना मिलते ही, पुलिस का एक बड़ा दल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने खून से लथपथ महिला को बरामद कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच, पार्लर के अंदर ही उस युवक का शव भी बरामद हुआ। यह पुष्टि हो चुकी है कि वह कश्मीर का रहने वाला था, लेकिन उसका नाम और उसकी सटीक पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है। पुलिस फिलहाल इन जानकारियों की पुष्टि करने में जुटी है। बारुईपुर पुलिस जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के आधार पर, हमें संदेह है कि युवक ने महिला की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए गए हैं। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने इलाके में सनसनी और दहशत पैदा कर दी है। दिनदहाड़े एक महिला की हत्या ने स्थानीय सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बजाज जनरल इंश्योरेंस ने पेश किया 'इको एश्योर'

**कोलकाता :** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पहले इसे बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने कमर्शियल वाहनों के लिए इको एश्योर लॉन्च करने की घोषणा की। यह ऐड-ऑन कवर इस तरह डिज़ाइन किया गया कि कमर्शियल वाहन मालिकों पर मरम्मत के खर्चों का अतिरिक्त बोझ न पड़े और उनके वाहन बिना किसी बाधा के सड़कों पर दौड़ते रहें। ऐड-ऑन में दो विकल्प उपलब्ध है: इको एश्योर एसेंशियल और इको एश्योर एडवांटेज। इससे कस्टमर को अपनी ज़रूरतों के अनुसार प्लान चुनने की सुविधा मिलती है। इको रिपेयर कवर का सबसे बड़ा फायदा यह है कि नए की जगह फिर से रिपेयर किए गए पार्ट्स का उपयोग करने पर डेप्रिसिएशन पर 100% छूट मिलती है जिससे मरम्मत की लागत घटती है।



चैती छठ के अवसर पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती ममता सिंह एवं अन्य श्रद्धालु।

## बनगांव में भाजपा नेता गिरफ्तार, पत्नी से मारपीट कर हत्या की कोशिश का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर प्रचार के बीच बनगांव में एक भाजपा नेता की गिरफ्तारी से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आरोप है कि नेता ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर हत्या की कोशिश की। गिरफ्तार आरोपित का नाम जय हलदार है, जो इलाके में भाजपा के मंडल अध्यक्ष (मंडल-2, बनगांव उत्तर) पद पर हैं। उनका घर गोपालनगर थाना क्षेत्र के हलदारपाड़ा में स्थित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित की पत्नी ने गोपालनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उनके साथ गंभीर मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की गई, जिससे वह किसी तरह बच पाईं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने



सोमवार की रात उनके घर के इलाके से जय हलदार को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आरोपित को बनगांव महकमा अदालत में पेश किया गया। पीड़िता ने कहा कि उनके साथ अत्याचार हुआ था और शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। हालांकि, उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए अधिक टिप्पणी करने से इनकार किया। वहीं, आरोपित भाजपा नेता ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह सामान्य पारिवारिक विवाद है और उनकी पत्नी की शिकायत के आधार पर उन्हें राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार किया गया है।

## अदालत से अनुरोध है कि वह रेलवे को मेरा इस्तीफा स्वीकार करने का निर्देश दे : तृणमूल उम्मीदवार स्वप्ना बर्मन

**जलपाईगुड़ी :** विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी बनायी गयीं अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ी स्वप्ना बर्मन ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से रेलवे प्रशासन को उनका इस्तीफा स्वीकार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया ताकि वह चुनाव लड़ सकें। स्वप्ना के वकील ने जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ में न्यायमूर्ति गौरांग कंठ के समक्ष कहा कि उनकी मुवक्किल के नियोक्ता, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) ने 27 फरवरी को सत्तारूढ़ पार्टी की प्रेसवार्ता में मौजूद रहने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की। उनके वकील ने बताया कि बर्मन ने 16 मार्च को एनएफआर को अपना इस्तीफा सौंप दिया था, लेकिन इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है, जिसके बाद उन्हें अपने इस्तीफे के समयबद्ध निस्तारण का निर्देश का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ा। एनएफआर के वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि यदि स्वप्ना 'अपनी गलती स्वीकार करती हैं, बर्खास्तगी की मांग करती हैं' और कथित तौर पर एक राजनीतिक दल में शामिल होने के कारण अपनी पेंशन और सेवा से प्राप्त होने वाले अन्य लाभों को छोड़ने की इच्छा व्यक्त करती हैं, तो उनके इस्तीफे और अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के अनुरोध पर तुरंत विचार किया जाएगा। एनएफआर की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुदीप्तो मजूमदार ने कहा कि मंगलवार की शाम 5 बजे तक यदि स्वप्ना की ओर से ऐसा अनुरोध मिलता है तो अधिकृत प्रशासन 27 मार्च तक अपने फैसले से अवगत करायेगा। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी।

## डॉ. अमित चक्रवर्ती ने कोलकाता में शुरू की हेड एंड नेक कैंसर की विशेष परामर्श सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और पूर्वी भारत के कैंसर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। वरिष्ठ सर्जिकल हेड एंड नेक कैंसर ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित चक्रवर्ती ने शहर में विशेष परामर्श सेवाओं की शुरुआत की है। इस पहल के माध्यम से अब मरीजों को मुंबई जैसी उन्नत कैंसर विशेषज्ञता अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेगी। डॉ. चक्रवर्ती, जो वर्तमान में मुंबई के एसएसओ कैंसर हॉस्पिटल सहित कई प्रमुख अस्पतालों से जुड़े हैं, को कैंसर उपचार के क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने लोकमान्य तिलक मेडिकल कॉलेज, मुंबई से एमबीबीएस और एमएस (जनरल सर्जरी) तथा गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) की डिग्री प्राप्त की है। कोलकाता में अपने विजिटिंग ओपीडी के माध्यम से वे ओरल कैंसर, जीभ, गले, थायरॉयड और पैरोटिड ग्रंथि के ट्यूमर सहित हेड एंड नेक कैंसर के विभिन्न मामलों में विशेषज्ञ सलाह देंगे। यह ओपीडी 28 मार्च से 16बी, सरत बोस रोड, बालीगंज में शुरू होगी और हर माह चौथे सप्ताहांत में पूर्व निर्धारित अपॉइंटमेंट के आधार पर चलेगी। अपॉइंटमेंट के लिए 8591718365 या 88288 20054 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स ने भारत में जीएलआईपीआईक्यू (सेमाग्लूटाइड) किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** अनुसंधान आधारित वैश्विक फार्मास्यूटिकल कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स ने भारत में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए नई दवा जीएलआईपीआईक्यू (सेमाग्लूटाइड) लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह जीएलपी-1 श्रेणी की उन्नत थेरेपी को अधिक किफायती बनाते हुए मरीजों के लिए आधुनिक डायबिटीज उपचार तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जीएलआईपीआईक्यू वायल और प्री-फिल्ड पेन दोनों रूपों में उपलब्ध है। वायल-आधारित उपचार की अनुमानित साप्ताहिक लागत लगभग 325 से 440 के बीच बताई गई है, जिससे महंगी इंजेक्टेबल थेरेपी की लागत बाधा काफी कम हो सकती है। इस दवा को भारत में किए गए बहु-केंद्रित, रैंडमाइज्ड फेज-खखख क्लिनिकल अध्ययन के बाद सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) से मंजूरी मिली है। इस अवसर पर कंपनी के इंडिया फॉर्मुलेशंस के प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड आलोक मलिक ने कहा कि भारत में उन्नत डायबिटीज थेरेपी शुरू करने में किफायतीपन एक बड़ी चुनौती रहा है। उन्होंने कहा कि जीएलआईपीआईक्यू के माध्यम से कंपनी जीएलपी-1 थेरेपी को अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में नया मानक स्थापित कर रही है।

## तृणमूल कांग्रेस को फिर राष्ट्रपति से मुलाकात का नहीं मिला समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करने का समय मांगे जाने के अनुरोध को 'समयाभाव' का हवाला देकर राष्ट्रपति भवन ने फिर ठुकरा दिया है। इसके बाद, पार्टी ने दो अप्रैल से पहले राष्ट्रपति से भेंट करने के लिए पुनः अनुरोध किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तृणमूल ने सबसे पहले गत नौ मार्च को राष्ट्रपति को पत्र लिखकर बंगाल सरकार की कल्याणकारी पहलों के बारे में जानकारी देने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया था। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति भवन ने 11 मार्च को समयाभाव का हवाला देते हुए यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया। उसी दिन, तृणमूल कांग्रेस ने 16 से 20 मार्च के बीच राष्ट्रपति मुर्मु से मिलने का समय मांगने के लिए एक नया पत्र भेजा। हालांकि, 22 मार्च को राष्ट्रपति भवन ने कहा कि समयाभाव के कारण अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता है। इसके बाद, सत्तारूढ़ पार्टी ने सोमवार को मुर्मू को फिर से पत्र लिखकर 24 मार्च और दो अप्रैल के बीच मिलने का समय मांगा है।

## भाजपा उम्मीदवार से करीबी के आरोप में शाह आलम से तृणमूल ने तोड़ा नाता, प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा ऐलान

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए न्यूटाउन के नेता शाह आलम से सभी संबंध समाप्त करने का फैसला किया है। आरोप है कि वह लंबे समय से विपक्षी दल के उम्मीदवार के साथ सार्वजनिक रूप से मेलजोल रख रहे थे और लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।

मंगलवार को राजारहाट-न्यूटाउन के निवर्तमान विधायक एवं तृणमूल उम्मीदवार तापस चट्टोपाध्याय ने अन्य पार्टी नेताओं के साथ पत्रकार वार्ता कर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शाह आलम किसी आधिकारिक पद पर नहीं थे, बल्कि एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में इलाके में जाने जाते थे। इसलिए तकनीकी रूप से उन्हें निष्कासित करने का सवाल नहीं उठता, लेकिन पार्टी ने उनसे पूरी तरह संबंध खत्म कर दिए हैं।

तापस चट्टोपाध्याय ने कहा, एक उम्मीदवार के तौर पर मैं नहीं चाहता कि ऐसे व्यक्ति से पार्टी का कोई संबंध रहे। अगर कोई समस्या थी तो वह मुझसे या संगठन के अन्य पदाधिकारियों से बात कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शाह आलम लंबे समय से सोशल मीडिया पर तृणमूल के खिलाफ गलत प्रचार कर रहे थे। पार्टी की ओर से उन्हें कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपने व्यवहार में कोई बदलाव नहीं किया और लगातार संगठन विरोधी गतिविधियां जारी रखीं।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब सोमवार को शाह आलम को भाजपा उम्मीदवार के साथ सार्वजनिक रूप से देखा गया। इस घटना को पार्टी नेतृत्व ने गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई करते हुए उनसे सभी संबंध तोड़ने का निर्णय लिया।

तृणमूल नेताओं का मानना है कि चुनाव के समय इस तरह की गतिविधियां पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं, इसलिए संगठन को मजबूत और अनुशासित बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी था।

## एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा सीरीज लॉन्च की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी नई फ्लैगशिप 5जी लाइनअप नोवा सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार इस सीरीज के तहत नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा को 9 अप्रैल 2026 को फ्लिपकार्ट और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया जाएगा, जबकि नोवा 2 प्रो, नोवा 2 नियो और नोवा फ्लिप को आने वाले महीनों में बाजार में उतारा जाएगा। कंपनी का कहना है कि नई सीरीज को अलग-अलग तरह के यूजर्स की जरूरत और लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें बेहतर डिजाइन, तेज परफॉर्मेंस और पर्सनलाइज्ड अनुभव मिलेगा। इस सीरीज का प्रमुख मॉडल नोवा 2 अल्ट्रा है, जिसमें बैक साइड पर कस्टमाइज्ड लाइट दी गई है जो कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन के अनुसार बदलती है। कंपनी के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव सेठ ने कहा कि नोवा सीरीज के जरिए कंपनी परफॉर्मेंस और स्टाइल दोनों को संतुलित तरीके से पेश करना चाहती है।

## डीपीएस रूबी पार्क के सिक्सर 2026 में हेरिटेज स्कूल ने जीता अंडर-14 टी-20 खिताब

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क द्वारा युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सिक्सर 2026 नामक नॉक-आउट आमंत्रण इंटर-स्कूल अंडर-14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 16 मार्च से 23 मार्च 2026 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के कई प्रमुख स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले ईस्ट कोलकाता डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स काउंसिल के मैदान



में खेले गए। 23 मार्च को खेले गए फाइनल मुकाबले में द हेरिटेज स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क की टीमें आमने-सामने थीं। रोमांचक मुकाबले में हेरिटेज स्कूल ने डीपीएस रूबी पार्क को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल, टीमवर्क, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। फाइनल मैच में हेरिटेज स्कूल के खिलाड़ी प्राकेत जजोदिया को 25 गेंदों में नाबाद 42 रन की शानदार पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं, डीपीएस रूबी पार्क के ध्रुबब्रत गुहा को तीन मैचों में 129 रन बनाने के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व रणजी खिलाड़ी अभिषेक रमन ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। स्कूल प्रशासन के अनुसार सिक्सर 2026 का उद्देश्य छात्रों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना और खेलों के माध्यम से उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

## पूर्व रेलवे का स्वच्छता अभियान, टॉलीगंज स्टेशन पर यात्रियों को किया जागरूक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे स्टेशनों और परिसर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान और विशेष स्वच्छता कार्यक्रम चला रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को टॉलीगंज रेलवे स्टेशन पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान पूर्व रेलवे के जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य निरीक्षकों और आरपीएफ की निगरानी में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों से सीधे संवाद कर उन्हें स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। यात्रियों से अपील की गई कि वे चाय के कप, बिस्कुट के पैकेट और अन्य खाद्य सामग्री से जुड़ा कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। स्टेशन परिसर में उपयोग किए गए चाय के कप और अन्य कचरे को सही स्थान पर




फेंकने पर विशेष जोर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के दुकानदारों के साथ भी चर्चा की और उन्हें अपनी दुकानों पर अलग-अलग डस्टबिन रखने की सलाह दी, ताकि यात्री आसानी से कचरा उचित स्थान पर डाल सकें।

पूर्व रेलवे ने बताया कि स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए रेलवे कर्मचारी लगातार मेहनत करते हैं, लेकिन इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए यात्रियों का सहयोग भी जरूरी है। इस संबंध में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों के सामूहिक सहयोग से ही रेलवे परिसर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

## गर्मी के मौसम में यात्रियों के लिए रेलवे चलाएगा तीन स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए तीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। 05060 लालकुआं-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 02 अप्रैल 2026 से 25 जून 2026 तक लालकुआं से 13:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 04 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 तक कोलकाता से 05:00 बजे रवाना होकर अगले दिन 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

इसी तरह, 05932 डिब्रूगढ़-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 04 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक डिब्रूगढ़ से 17:00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 00:30 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05931 कोलकाता-डिब्रूगढ़ स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 06 अप्रैल 2026 से 01 जून 2026 तक कोलकाता से 02:30 बजे रवाना होकर अगले दिन 06:30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। यह ट्रेन नवद्वीप धाम, कटवा, अजीमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फराक्का और मालदह टाउन सहित कई स्टेशनों पर रुकेगी। इन ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर और वातानुकूलित श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल ट्रेन भी अपने मौजूदा समय और ठहराव के साथ जारी रहेगी। 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल तथा 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल 05 अप्रैल 2026 से 28 जून 2026 तक प्रत्येक रविवार को संचालित की जाएंगी।

### अतिरिक्त मतदाता सूची से मिली राहत,

## 'विचाराधीन' टैग हटा-जाकिर, बायरन और कलिता के नाम शामिल

**कोलकाता :** राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया के बीच सोमवार देर रात जारी अतिरिक्त मतदाता सूची ने कई उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है। 'विचाराधीन' सूची में शामिल रहे तृणमूल और भाजपा के कई उम्मीदवारों के नाम अब नई सूची में दर्ज हो गए हैं, जिससे उनके नामांकन में आ रही बाधा दूर हो गई है।

सूत्रों के अनुसार जाकिर हुसैन (जंगीपुर के उम्मीदवार व पूर्व मंत्री), बायरन विश्वास (सागरदिघी) और कलिता माजी (भातार से भाजपा उम्मीदवार) ने सुबह अपने-अपने बूथ पर जाकर सूची में अपना नाम होने की पुष्टि की। इससे पहले फरवरी में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में इन सभी के नाम 'विचाराधीन' श्रेणी में थे, जिससे राजनीतिक महल में असमंजस की स्थिति बन गई थी।

चुनाव आयोग द्वारा जारी इस सप्लीमेंटरी सूची ने इन उम्मीदवारों की चिंता खत्म कर दी है और अब उनके लिए नामांकन दाखिल करने का रास्ता साफ हो गया है।

**काजल शेख का नाम अब भी गायब, बढ़ी अनिश्चितता**

दूसरी ओर हसन सीट से तृणमूल उम्मीदवार काजल शेख का नाम अतिरिक्त सूची में भी शामिल नहीं हो पाया है। 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है और 9 अप्रैल नामांकन की अंतिम तिथि है। ऐसे में उनके चुनाव लड़ने को लेकर संशय गहरा गया है। काजल शेख को उम्मीद है कि अगली सूची में उनका नाम शामिल हो सकता है। गौरतलब है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उन्हें और उनकी 90 वर्ष से अधिक उम्र की मां को भी सुनवाई के लिए बुलाया गया था, बावजूद इसके उनका नाम अब तक सूची में नहीं जुड़ा है।

**मंत्री गोलाम रब्बानी का नाम भी नहीं, गोयालपोखर में चिंता**

उत्तर दिनाजपुर के गोयालपोखर से तृणमूल उम्मीदवार और मंत्री गोलाम रब्बानी का नाम भी सप्लीमेंटरी सूची में नहीं है। इसको लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पहले चरण में ही यहां मतदान होना है, ऐसे में सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं के बीच चिंता का माहौल है।

## रायदिघी में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, आरोपी पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी में मंगलवार को एक स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता की लाश मिलने से इलाके में तनाव फैल गया। पार्टी का दावा है कि यह एक राजनीतिक हत्या है, लेकिन पुलिस ने परिवार की शिकायत पर आरोपी पत्नी और उनके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। शव की पहचान किशोर माझी ( 39) के रूप में हुई, जो बूथ नंबर 216 के लिए भाजपा यूनिट के वाइस-प्रेसिडेंट थे। यह घटना रायदिघी विधानसभा क्षेत्र के दिघिरपार बकुलतला ग्राम पंचायत के मेना इलाके में हुई। सोमवार की देर रात स्थानीय लोगों को किशोर लहूलुहान हालत में घर के पास एक तालाब के किनारे मिला। उसे तुरंत रायदिघी रूरल हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन तब तक डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया। बाद में, पुलिस ने किशोर माझी की पत्नी अनिमा दास, और उनके प्रेमी गोबिंद हलदर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई किशोर माझी के पिता की शिकायत के आधार पर की गई है। मामले की आगे की जांच जारी है। सुंदरबन के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस बिश्व चंद ठाकुर ने पुष्टि की कि गिरफ्तार किए गए लोगों से अभी पूछताछ की जा रही है। खबर मिलने के बाद रायदिघी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार पलाश राणा मंगलवार की सुबह किशोर माझी के घर पहुंचे।

## ट्रेन पर पत्थर फेंकना पड़ सकता है भारी, पूर्व रेलवे ने लोगों से जागरूकता की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों से तत्काल सतर्कता बरतने और इस समस्या को समाप्त करने के लिए सहयोग की अपील की है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार चलती ट्रेनों पर पत्थर फेंकना न केवल राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यात्रियों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।

पूर्व रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक विभिन्न मंडलों में पत्थरबाजी की कुल 21 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं के संबंध में 21 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 11 मामलों का पता लगाया जा सका और 14 लोगों को गिरफ्तार किया



गया। मंडलवार आंकड़ों के मुताबिक हावड़ा मंडल में 6 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि सियालदह मंडल में 4 घटनाओं में 4 गिरफ्तारियां हुईं। आसनसोल मंडल में 6 घटनाएं सामने आईं, जिनमें अब तक 2 लोगों को पकड़ा गया है, वहीं मालदह मंडल में 5 घटनाओं में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। केवल पश्चिम बंगाल में ही 12 घटनाएं दर्ज की गई हैं। रेलवे द्वारा चेतावनी दी गई है कि रेलवे एक्ट, 1989 के तहत ट्रेन पर पत्थर फेंकना गंभीर अपराध है। दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास या दस वर्ष तक की कठोर सजा हो सकती है, जबकि लापरवाही से की गई ऐसी हरकत पर एक वर्ष तक की सजा या जुर्माना भी हो सकता है।

इस संबंध में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे ट्रैक के आसपास लगातार सीसीटीवी निगरानी की जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रिकॉर्ड किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रेलवे की सुरक्षा में सहयोग करें और ट्रेनों को सुरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# भाजपा की मुहर से साबित हो गया कि आयोग को कौन चला रहा है : ममता

❑ **मुख्यमंत्री का दावा, एसआईआर से मरने वालों की कुल संख्या लगभग 220 हुई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पत्र पर कथित तौर पर भाजपा की मुहर लगी होने के बाद यह बात संदेह से परे साबित हो गई है कि कौन सी पार्टी पर्दे के पीछे से आयोग को चला रही है। इस दिन, ममता ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्तर बंगाल के बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर भाजपा की मुहर लगी होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्दे के पीछे से आयोग को कौन चला रहा है। पोल खुल चुकी है। उन्होंने अपने दावों को सही साबित करने के



लिए इस विवाद पर एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाई। मुख्यमंत्री ने आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि पर्दे के पीछे से अपने खेल खेलने की कोई जरूरत नहीं है। खुलकर सामने आएं और हमसे आमने-सामने मुकाबला करें। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नंदीग्राम के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का तबादला भवानीपुर में करने के कदम से राजनीतिक साजिश की बू आ रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से दावा किया कि बीडीओ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को निर्वाचन आयोग ने राज्य के 73 निर्वाचन अधिकारियों का तबादला कर दिया। इससे पहले, उन्होंने बंगाल के लगभग 70 शीर्ष आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया, जिनमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के मुख्य सचिव शामिल थे। अब हमें पता चल गया है कि इसके पीछे किस पार्टी की भूमिका है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने इसे एक गलती बताने के निर्वाचन आयोग के बयान को खारिज करते हुए कहा कि यह कोई लिपिकीय गलती नहीं है। यह जानबूझकर राजनीतिक इरादे से किया गया था। उन्होंने दावा किया कि यह पत्र केवल केरल के लिए नहीं था, बल्कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित था। ममता ने कहा कि इस विवाद के बाद चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने सभी पार्टियों से कहा कि वे एक साथ आएं और 'आयोग की मदद से एक ही पार्टी का शासन लागू करने की कोशिश' के खिलाफ लड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि विपक्षी दल वामपंथी हैं या दक्षिणपंथी। मैं उनसे अनुरोध करती हूं कि वे एक साथ आएं, निर्वाचन आयोग समर्थित एकदलीय शासन के खिलाफ विरोध करें, देश में लोकतंत्र को बचाएं और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सोमवार को दो और लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के कारण मरने वालों की कुल संख्या लगभग 220 हो गई है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय में उनकी याचिका के परिणामस्वरूप नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं।

# मालदह की चार सीटों पर पुलिस पर्यवेक्षक की तैनाती पर तृणमूल ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

❑ **पर्यवेक्षक की पत्नी का बिहार भाजपा से संबंध बताया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक नियुक्तियों को लेकर नया विवाद सामने आया है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मालदह जिले की चार विधानसभा सीटों पर तैनात एक पुलिस पर्यवेक्षक की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को तृणमूल नेताओं ब्रात्य बसु और पार्थ भौमिक ने मंगलवार को कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि संबंधित पुलिस पर्यवेक्षक जयंत कांत की पत्नी बिहार में भाजपा से जुड़ी हुई हैं। नेताओं ने कुछ तस्वीरें भी जारी कीं, जिनमें उक्त महिला को भाजपा के मंच पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ



दिखाए जाने का दावा किया गया है। हालांकि, इन तस्वीरों और आरोपों की समाज्ञा ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

बता दें कि चुनाव आयोग द्वारा जयंत कांत को मालदह जिले की मोथाबारी, वैष्णवनगर, मानिकचक और सुजापुर सीटों का प्रभार दिया गया है, जो बिहार सीमा से सटी हुई मानी जाती हैं।

तृणमूल नेताओं का कहना है कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में इस तरह की तैनाती चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नियुक्ति पक्षपातपूर्ण हो सकती है।

## चुंचुड़ा में राजनीतिक घमासान तेज: वंदे मातरम् भवन से बंकिम मूर्ति के 'शुद्धिकरण' पर विवाद

**हुगली :** हुगली जिले के चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 20 में राजनीतिक माहौल काफी गर्म हो गया है। चुंचुड़ा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार देवांशु भट्टाचार्य वंदे मातरम् भवन पहुंचे थे। इसके अगले ही दिन भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की मूर्ति को दूध और गंगाजल से शुद्धिकरण' किया। इस मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ता सप्तर्षि बनर्जी ने तृणमूल उम्मीदवार पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य सरकार को भ्रष्ट बताया। वहीं जवाबी प्रतिक्रिया में देवांशु भट्टाचार्य ने कहा कि 2029 में राज्य की जनता ही गंगाजल से भाजपा का 'शुद्धिकरण' करेगी। इस घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक बयानबाजी और तनाव और भी बढ़ गया है।



भाजपा में शामिल होने के बाद संतोष पाठक ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन एवं राज्य के प्रभारी मंगल पाण्डेय से की मुलाकात।



सुप्रसिद्ध व्यवसायी हरीश जायसवाल ने संतोष पाठक का किया स्वागत।

## शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पांच पुलिस ऑब्जर्वर हुगली पहुंचे, अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक



**हुगली :** जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पांच पुलिस ऑब्जर्वर हुगली पहुंचे। इन ऑब्जर्वरों ने चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर सुनील यादव और हुगली ग्रामीण पुलिस के अधीक्षक कुमार शनि राज सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। बैठक के दौरान ऑब्जर्वरों ने कमिश्नरेट क्षेत्र के 7 थाना और ग्रामीण क्षेत्र के 17 थाना क्षेत्रों में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही, आवश्यक तथ्यों का संकलन किया और अधिकारियों को चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण निर्देशों से अवगत कराया। इन ऑब्जर्वरों में चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र से मनीष चौधरी और चंदन झा जबकि हुगली ग्रामीण क्षेत्र के लिए अविनाश महंती, आदित्य गोयनका और असीम विक्रांत मिंज मौजूद थे। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# चार किलोमीटर पदयात्रा कर बंकिम हाजरा ने साधा जनसंपर्क, सागर में तेज हुआ चुनावी माहौल

**गंगासागर :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सागर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बंकिमचंद्र हाजरा, तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और सुंदरबन विकास मंत्री, लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

बुधवार को उन्होंने गंगासागर ग्राम पंचायत क्षेत्र में करीब चार किलोमीटर लंबी पदयात्रा कर लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के लोगों से बातचीत की और आम नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं।

जनसंपर्क के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी जांचा कि लोगों तक इन योजनाओं का लाभ सही तरीके से पहुंच रहा है



या नहीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत का चुनाव आयोग और भाजपा सरकार ने एसआईआर के नाम पर कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए हैं। उनका कहना था कि सागर क्षेत्र में अब भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम 'विचाराधीन' हैं, जिनमें से केवल लगभग 20 प्रतिशत नाम ही जोड़े गए हैं।

अंत में बंकिम हाजरा ने विश्वास जताया कि तमाम बाधाओं के बावजूद तृणमूल कांग्रेस भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी और ममता बनर्जी चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी।

# कोलकाता पुलिस ने रामनवमी के लिए सुरक्षा फोर्स की तैनाती पर की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार नंद ने मंगलवार को रामनवमी को लेकर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि फोर्स की तैनाती को लेकर बैठक चल रही है और यह तय किया जा रहा है कि कितनी पुलिस कर्मी कहां-कहां तैनात किए जाएंगे। कमिश्नर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से व्यवस्थित करने के लिए सभी बिंदुओं पर चर्चा हो रही है और अंतिम योजना जल्द ही फाइनल कर ली जाएगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की और कहा कि पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करने के साथ ही सभी नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी। पुलिस प्रशासन ने रामनवमी के दौरान शहर में होने वाले जुलूस, कार्यक्रम और सार्वजनिक



आयोजनों के लिए विशेष तैयारियों का भी उल्लेख किया। अधिकारियों का कहना है कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाएगी और ट्रैफिक व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। इस वर्ष के रामनवमी पर्व में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी कैमरों की बढ़ी हुई तैनाती और इमरजेंसी रिस्पांस टीमों को भी सक्रिय किया जाएगा। कोलकाता पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और पुलिस के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया है।

# महिला को बाल पकड़कर पीटने का सीसीटीवी फुटेज वायरल , सिर फोड़ने का आरोप

**हुगली :** हुगली जिले के उत्तरपाड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 19, लॉरेंस स्ट्रीट इलाके में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। प्रॉपर्टी विवाद को लेकर सड़क पर ही जमकर मारपीट हुई, जिसे राह चलते लोग खड़े होकर देखते रहे।

वायरल सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि एक महिला के बाल पकड़कर उसे बेरहमी से पीटा जा रहा है। आरोप है कि उसके सिर पर बांस से वार किया गया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा।

मामला एक घर को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है। प्रमोटर का आरोप है कि केस चलने के दौरान महिला ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जब उसके



कर्मचारी ने रोकने की कोशिश की, तो महिला ने लोहे की रॉड से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया।

वहीं, महिला का आरोप है कि कोर्ट से उसे उस घर में रहने की अनुमति मिली हुई है। जब वह घर में प्रवेश करने गई, तो प्रमोटर और उसके लोगों ने उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया।

इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उत्तरपाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## हावड़ा के निशचिंदा में अवैध सट्टा कारोबार का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के निशचिंदा थाना क्षेत्र में अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की एआरएस नॉर्थ टीम ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम आनंद पाल(52) और मानस पाल (33) है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आनंदनगर इलाके में एक घर से सट्टा पर्चियां लिखकर अवैध सट्टा कारोबार चलाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने आनंद पाल के घर पर छापा मारा और दोनों को रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 12,200 रुपये नकद, कई सट्टा पैड, एक कैलकुलेटर और कुछ रजिस्टर



बरामद किए।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लंबे समय से अवैध सट्टा कारोबार में शामिल हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अभिजीत पाल उर्फ छोट्टू इस पूरे नेटवर्क का मुख्य संचालक है, जो उनके माध्यम से इस अवैध गतिविधि को चला रहा था। इस संबंध में निशचिंदा थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# चुनाव से पहले तृणमूल को झटका, पूर्व विधायक अर्घ्य राय प्रधान और बंशी बदन बर्मन भाजपा में शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव के बीच दल-बदल की राजनीति तेज होती जा रही है और इसका ताजा असर तृणमूल कांग्रेस पर दिखा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जहां उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुईं, वहीं उसी दौरान कोलकाता में मेखलीगंज के पूर्व विधायक अर्घ्य राय प्रधान और राजबंशी समुदाय के नेता बंशी बदन बर्मन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दिन, साल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में इन नेताओं ने पार्टी



का दामन थामा। इस दौरान मेखलीगंज ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बप्पा मंडल भी भाजपा में शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने इसे उत्तर बंगाल में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया। बता दें कि अर्घ्य राय प्रधान 2011 में तूफानगंज और 2016 में मेखलीगंज से विधायक रह चुके हैं। माना जा रहा है कि टिकट को लेकर असंतोष के कारण अर्घ्य लंबे समय से तृणमूल से नाराज थे। भाजपा में शामिल होते ही अर्घ्य ने तृणमूल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी पार्टी में रहकर जनता का सामना करना मुश्किल हो गया था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उत्तर बंगाल में यह घटनाक्रम परिवर्तन की शुरुआत का संकेत है। शमिक ने राज्य की स्थिति को जनता बनाम तृणमूल करार देते हुए मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग उठाई।

## आसनसोल में आदिवासी युवक का रक्तरंजित शव बरामद, हत्या की आशंका

**आसनसोल :** आसनसोल नार्थ थाना अंतर्गत कन्यापुर पुलिस फांडी इलाके के रॉय मैदान से मंगलवार की सुबह एक आदिवासी युवक का रक्तरंजित लाश बरामद हुयी। इसे लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान पंचगछिया कपटिया निवासी विष्णु हेम्ब्रम के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों के अनुसार, विष्णु हेम्ब्रम पेशे से राजमिस्त्री था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सोमवार शाम वह काम के सिलसिले में घर से निकला था और जल्द लौटने की बात कही थी, लेकिन वह वापस नहीं आया। मंगलवार की सुबह परिवार को उसकी मौत की खबर मिली। घटना की सूचना मिलते ही जब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, तो वहां का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) ध्रुव दास ने भी मौके पर पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया गया। मौके से एक शराब की बोतल और कुछ प्लास्टिक के गिलास बरामद हुए हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवक अकेला नहीं था और संभवतः शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में हिंसक रूप ले बैठा।

# उच्च न्यायालय ने अंजनी पुत्र सेना को रामनवमी शोभायात्रा निकालने की दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा में 26 मार्च को एक संगठन को रामनवमी शोभायात्रा निकालने की मंगलवार को अनुमति दे दी, लेकिन हथियार ले जाने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए। गैर-लाभकारी संगठन अंजनी पुत्र सेना ने उच्च न्यायालय में यह दावा करते हुए याचिका दायर की थी कि पुलिस ने हावड़ा शहर में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने दावा किया कि संगठन पिछले 25 वर्षों से रामनवमी पर शोभायात्रा निकाल रहा है। अदालत ने विश्व हिंदू परिषद को उसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक वहां रामनवमी रैली आयोजित करने की 20 मार्च को अनुमति दी थी। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने अंजनी पुत्र सेना को शोभायात्रा सुबह के समय निकालने की अनुमति देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने संगठन को 26 मार्च को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह विश्व हिंदू परिषद की रैली के समय ना हो। अदालत ने कुछ शर्तें लगाते हुए आयोजकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी समय लोगों की संख्या 500 से अधिक न हो और शोभायात्रा में किसी भी प्रकार का हथियार प्रदर्शित न किया जाए। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि शोभायात्रा में केवल एक ही वाहन को अनुमति दी जाएगी, जिसमें झांकी और भगवान राम की प्रतिमा ले जाई जाएगी। अदालत ने निर्देश दिया कि हालांकि, शोभायात्रा में शामिल लोगों को झंडे या कोई अन्य प्रतीकात्मक हथियार ले जाने की अनुमति होगी, जो केवल पीवीसी से बने होने चाहिए।

## हावड़ा में रामनवमी शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद की ओर से तैयारियां तेज



**हावड़ा :** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद की ओर से तैयारियां जोरों पर हैं। संगठन की दुर्गा वाहिनी, कोलकाता प्रांत की संयोजिका रितु सिंह ने बताया कि प्रारंभ में पुलिस प्रशासन ने शोभायात्रा के लिए अनुमति नहीं दी थी और रूट बदलने का सुझाव दिया गया था। इसके बाद संगठन ने अदालत का रुख किया। माननीय न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ पारंपरिक रूट पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी है। इसके बाद से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शोभायात्रा में मां दक्षिणेश्वर की थीम पर झांकी, भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान की झांकियां विशेष आकर्षण होंगी। साथ ही आदिवासी परंपरा की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी। यह शोभायात्रा 26 मार्च को दोपहर 3 बजे बी.ई. कॉलेज के गेट नंबर 1 से शुरू होकर बताईतला, काजीपाड़ा, शिवपुर बाजार, ट्राम डिपो, हावड़ा जूट मिल, फजीर बाजार और जी.टी. रोड होते हुए रामकृष्णपुर गंगा घाट तक जाएगी, जहां आरती के साथ समापन होगा। अदालत के निर्देशानुसार शोभायात्रा में शामिल होने के लिए 500 लोगों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोजकों ने अन्य श्रद्धालुओं से घर से ही कार्यक्रम देखने की अपील की है। इधर, तैयारियों के तहत करीब 17 फुट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा और भगवान श्रीराम की प्रतिमा तैयार की जा रही है। शहर के माली फाटक और संध्या बाजार क्षेत्रों में झंडों की सजावट से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में रंग गया है।

# एसआईआर की अतिरिक्त सूची जारी करने में विलंब पर विवाद

**हुगली :** एसआईआर की अतिरिक्त सूची जारी करने को लेकर टालमटोल के बाद आखिरकार आयोग ने सोमवार की देर रात सूची प्रकाशित कर दी। लेकिन मंगलवार तक यह सूची न तो बूथों पर और न ही प्रशासनिक दफ्तरों में लगाई गई है। पहली सूची जारी होने के समय बीएलओ के माध्यम से मतदाता अपना नाम देख पाए थे, लेकिन अतिरिक्त सूची देखने का मौका अब तक नहीं मिला है। इस मुद्दे पर जहां तृणमूल कांग्रेस ने नाराज़गी जताई है, वहीं भाजपा भी चुनाव आयोग को सीधे दोष न देते हुए इस बात से सहमत नजर आई।

चुंचुड़ा नगरपालिका के तृणमूल



पार्षद जयदेव अधिकारी ने आरोप लगाया कि आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। जिन लोगों के नाम जांच के अधीन थे, वे चिंता में हैं कि उनका नाम शामिल होगा या नहीं। उन्होंने कहा कि भले ही ऑनलाइन नाम देखा जा सकता है, लेकिन हर कोई इसे निकाल नहीं पा रहा है, इसलिए लोग जनप्रतिनिधियों के पास पहुंच रहे हैं।

वहीं भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी सूची को बूथों पर लगाने की मांग का समर्थन किया, लेकिन आरोप लगाया कि बीएलओ के रूप में तृणमूल समर्थक काम कर रहे थे। उनका कहना है कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और जब उसने एसआईआर कराया है, तो उसे हर बूथ पर सूची चिपकानी चाहिए ताकि आम लोगों को सुविधा हो।

अभिजीत दास नामक एक युवक ने बताया कि उनके पिता का नाम पहले जांच के अधीन था, जो अब सूची में शामिल हो गया है। लेकिन उनका खुद का नाम हट गया था, जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है और अब तक उसकी सुनवाई नहीं हुई है।

### झारखंड सरकार जल्द ही 1,200 से अधिक चिकित्सकों की भर्ती करेगी

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जल्द ही 1,200 से अधिक चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। अंसारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से यह नियुक्तियां की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री अंसारी ने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में नव-नियुक्त 76 संविदा चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा, 'राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हम जल्द ही जेपीएससी के माध्यम से 1,200 से अधिक चिकित्सकों की भर्ती करेंगे।'

### राजस्थान: पांचवी, आठवीं और दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित, उत्तीर्ण प्रतिशत 94 फीसदी रहा

**जयपुर:** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को पांचवी, आठवीं और 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए तथा इस बार सभी वर्गों में उत्तीर्ण प्रतिशत 94 फीसदी से अधिक रहा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम घोषित किए। दसवीं कक्षा में इस बार 94.23 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले साल के मुकाबले 1.17 प्रतिशत अधिक है। लड़कों की तुलना में लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.90 रहा जबकि 93.63 प्रतिशत लड़के उत्तीर्ण हुए। दसवीं की परीक्षा में कुल 10.68 लाख छात्र शामिल हुए। यह परीक्षा 12 फरवरी से आयोजित की गई थी। कई विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, संस्कृत, उर्दू और पंजाबी जैसे विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मंत्री ने बताया कि कुल 10.68 लाख विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। सीकर की प्रियांशी ने 99.83 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। पांचवी कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत 97.75 रहा जबकि आठवीं कक्षा में 97.01 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए। दोनों वर्गों में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया।

## बिहार: नीतीश कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' के दौरान 689 करोड़ रुपये की परियोजनाओं व योजनाओं की शुरुआत की



**भभुआ/सासाराम (बिहार):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' के दौरान मंगलवार को राज्य के कैमूर और रोहतास जिलों में लगभग 689 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं और योजनाओं की शुरुआत की। राज्य में भारी बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद मुख्यमंत्री कुमार की यह पहली राज्यव्यापी यात्रा है, जिसकी शुरुआत जनवरी में पश्चिम चंपारण जिले से हुई थी। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं की शुरुआत करने के साथ-साथ दोनों जिलों में जारी विकास योजनाओं की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री ने कैमूर जिले में 209 करोड़ रुपये की 204 विकास परियोजनाओं/योजनाओं का शुरुआत की। इनमें 162 करोड़ रुपये की 161 परियोजनाओं/योजनाओं का उद्घाटन और 47 करोड़ रुपये की 43 परियोजनाओं की आधारशिला रखना शामिल है। जिले में, कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदियों को चेक, सतत आजीविका योजना के तहत ई-रिक्शा और दिव्यांग लाभार्थियों को बैटरी से चलने वाली तिपहिया साइकिलें वितरित कीं।

### नीतीश कुमार चौथी बार जद(यू) के अध्यक्ष चुने गए

**नयी दिल्ली:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुन लिये गए, क्योंकि पार्टी के शीर्ष पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। यह चौथी बार है जब 75 वर्षीय नीतीश कुमार पार्टी प्रमुख बने हैं। दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले ललन सिंह के पद से इस्तीफा देने के बाद से ही पार्टी की कमान संभाल रहे नीतीश हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं निर्वाचन अधिकारी अनिल प्रसाद हेगड़े ने नीतीश कुमार के जद(यू) अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की और पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को उनके चुनाव का प्रमाण पत्र सौंपा।

### साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान की धरा शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी है, जहां साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। शर्मा, मंगलवार को बालोतरा के कनाना श्रीमठ में आयोजित श्री ललिता महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं मां सरस्वती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, धर्म परायण होने पर ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं और उसी से ही उत्कृष्ट समाज एवं राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। सनातन परम्परा हमें धर्म पर चलते हुए सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक एकता को सुदृढ़ करने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को विरासत से जोड़ते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है।

## न्यूज अपडेट

### क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय खेल अधिकारी के पद पर मिली नियुक्ति



लखनऊ (उप्र): भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को खेल कोटे के तहत रिंकू का नियुक्ति पत्र जारी किया हालांकि, वह अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। खेल विभाग के निदेशक डॉ. आर. पी. सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रिंकू सिंह इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़े कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रिंकू ने जल्द ही लखनऊ आकर खेल निदेशालय में कार्यभार ग्रहण करने की बात कही है। खेल निदेशक के अनुसार, रिंकू को उनकी योग्यता के अनुरूप कार्यक्षेत्र दिया जाएगा ताकि वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अपनी सेवाएं जारी रखते हुए अपने प्रशासनिक दायित्व भी निभा सकें। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण पुरस्कार और चार खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। अधिकारियों के मुताबिक, हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को पुलिस उपाधीक्षक, पैरा एथलीट अजीत सिंह और सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी तथा पैरा एथलीट प्रीति पाल को खंड विकास अधिकारी पद के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए।

### बिहार सरकार कुख्यात अपराधियों के लिए 'उच्च सुरक्षा' वाली जेल का निर्माण करेगी : सम्राट चौधरी



**भभुआ:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार जल्द ही कैमूर जिले की अधौरा पहाड़ियों पर कुख्यात अपराधियों, गैंगस्टरों और आतंकवादियों के लिए एक 'उच्च सुरक्षा' वाली जेल का निर्माण करेगी। अधिकारियों के मुताबिक इस जेल में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे, स्कैनर, पैनिक अलार्म सिस्टम, अत्याधुनिक कमांड सेंटर और नयी तकनीक से लैस कई उपकरण लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान भभुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, '' राज्य सरकार जल्द ही कैमूर की अधौरा पहाड़ियों पर कुख्यात अपराधियों, गैंगस्टरों और आतंकवादियों के लिए एक 'उच्च सुरक्षा' वाली जेल का निर्माण करेगी। यह जेल केवल कुख्यात अपराधियों और आतंकवादियों के लिए होगी और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।'' बिहार के गृह विभाग का कार्यभार भी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास ही है। गृह विभाग के अधिकारी ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा, '' जेलों के अंदर से ही शातिर अपराधियों/गैंगस्टरों द्वारा अपने आपराधिक साम्राज्य को चलाने की कई घटनाएं सामने आने के बाद, संबंधित अधिकारियों ने राज्य में एक 'उच्च सुरक्षा' वाली जेल का निर्माण करने का फैसला किया है।'' अधिकारी ने कहा, '' स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए बिहार पुलिस ने 'उच्च सुरक्षा' वाली इस जेल के निर्माण का फैसला किया है। आभूषण शोरूमों में हुई लूट और अन्य कई मामलों की जांच से पता चला कि जेल में बंद गैंगस्टर जेल के बाहर मौजूद अपने साथियों के संपर्क में कैसे रहते हैं।'

### बिहार में बिना लाइसेंस वालों को मांस बिक्री की अनुमति नहीं होगी: उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में बिना लाइसेंस वाले विक्रेताओं द्वारा मांस की बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। पत्रकारों से यहां बात करते हुए सिन्हा ने कहा, बिहार में मांस की दुकानें चलाने के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया है। बिना लाइसेंस वालों द्वारा अवैध मांस बेचने वालों पर हम पूरी सख्ती से रोक लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित में स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के पास खुले स्थानों पर मांस की बिक्री पर निगरानी रखी जाएगी।

## आरएसएस प्रमुख ने घुसपैठियों पर चिंता जताई, अमेरिका व चीन की 'आक्रामकता' की निंदा की



**मथुरा (उप्र):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में घुसपैठ को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से संदिग्ध अवैध प्रवासियों की जानकारी अधिकारियों को देने और यह सुनिश्चित करने का मंगलवार को आग्रह किया कि उन्हें देश में रोजगार न मिले। वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नव-निर्मित 'जीवनदीप आश्रम' का लोकार्पण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने अमेरिका और चीन जैसे देशों की ''आक्रामक'' प्रवृत्ति की निंदा की और भारत को अन्य दृष्टिकोणों के प्रति अधिक उदार बताया। उन्होंने कहा कि विदेशियों की पहचान के लिए कड़ी जांच होनी चाहिए और लोगों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि अवैध प्रवासियों को देश में रोजगार न मिलें। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारतीय नागरिकों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यदि ऐसे उपाय लागू किए जाएं तो पांच से दस वर्षों में स्थिति में सुधार संभव है और घटती जन्म दर स्थिर हो सकती है। संघ प्रमुख ने तीन संतान नीति पर जोर देते हुए कहा कि उच्च जन्म दर आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर परिवार के स्वास्थ्य के लिए तीन बच्चों की सलाह देते हैं, क्योंकि बचपन में होने वाले मेलजोल से बच्चों में सामाजिक कौशल और समूह में सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने जनसंख्या संबंधी अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि तीन से कम प्रजनन दर दीर्घकालिक जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा, ''कम जन्म दर वाले कई देशों ने अपनी जनसंख्या वृद्धि दर तीन से ऊपर ले जाने के प्रयास किए हैं। परिवारों को दो बच्चों तक सीमित रहने के बजाय तीन बच्चों का लक्ष्य रखना चाहिए, हालांकि कोई भी नीति बनाते समय जनहित सर्वोपरि होना चाहिए।'

## पूर्ववर्ती सरकारों ने न सिर्फ यूपी का विश्वास तोड़ा, नौजवानों के सपने भी तोड़े: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों को विकास विरोधी करार देते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने न केवल प्रदेश का विश्वास तोड़ा, बल्कि यहां के युवाओं के 'सपनों को भी चकनाचूर' किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां उन्नत सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र 3.0' की शुरुआत करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह विश्वास, जिसे राजनीतिक कारणों से पिछली सरकारों ने तोड़ा था, केवल विश्वास नहीं था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सपनों को भी चकनाचूर किया गया था।' योगी ने समारोह में उपस्थित निवेशकों से मुखातिब होते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश देश के भीतर निवेश के एक विशेष गंतव्य के रूप में स्थापित हो-यह सपना नौ वर्ष पहले देखा गया था। आप सभी की उपस्थिति उस सपने को जमीन पर उतारने का कार्य कर रही है।' उन्होंने कहा, 'आपने प्रदेश में 'डबल इंजन' सरकार पर विश्वास किया है। आपके इस विश्वास पर खरा उतरने और आपको अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए इस सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं।' मुख्यमंत्री ने भाजपा नीत सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके कारण उत्तर प्रदेश पूरे देश में निवेश के प्रमुख स्थल के रूप में उभरा है। योगी ने कहा, 'इस विश्वास को देखकर लगता है कि वास्तव में यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।' उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेशवासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया था। देश की सबसे अधिक आबादी वाले राज्य के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाए गए थे।' योगी ने कहा, 'मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में डबल इंजन की उत्तर प्रदेश सरकार पर आपने जो विश्वास नौ वर्षों से लगातार व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने के लिए हमारी टीम ने निरंतर परिश्रम किया है और उसके परिणाम हर स्तर पर दिखाई दे रहे हैं।' एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में 45 कंपनियों को प्रोत्साहन राशि वितरण और 62 कंपनियों को 'लेटर ऑफ कंफर्ट' (एलओसी) प्रदान किए जाने को प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए बड़ा कदम बताया।



# समीक्षा मनोरंजन

## गरीबी की पीड़ा

**परशुराम संबल**

श्री निवास शास्त्री अपने समय के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनका प्रारम्भिक जीवन गरीबी में कटा था। इसलिये वे जानते और समझते थे कि आर्थिक तंगी भरा जीवन कितना दूभर होता है। छोटी-छोटी जरुरतों को पूरा करने के लिये भी तरसना पड़ता है। इसी कारण किसी की बेबसी और गरीबी को देखकर उनका हृदय पसीज़ जाता था।

समर्थ होने पर भी वे अपने बीते दिनों के कड़वे अनुभवों को भुला नहीं पाये थे। अपनी उदारता, सहृदयता और नम्र स्वभाव के कारण ही लोगों के दिल में उनके प्रति बड़ा आदर और सम्मान था।

उनके जीवन की एक घटना उस समय की है जब वे विश्वविद्यालय के कुलपति थे।

एक बार कुछ विद्यार्थी इकट्ठे होकर उनके कार्यालय में आये। श्री निवास शास्त्री जी ने उनके आने का कारण पूछा तो उनमें से एक ने कहा- 'महोदय, हम निर्धन विद्यार्थी हैं। जैसे तैसे करके हमारे माता-पिता पढ़ाई और भोजन के लिये पैसे जुटा पाते हैं। ऐसे में हमारे अध्यापकों द्वारा लगाया गया जुर्माना भर पाना हमारे बूते से बाहर है। हमारे विनय करने पर भी उन्होंने जुर्माना माफ़ नहीं किया। इसीलिये विवश होकर आपसे निवेदन करने के लिये आये हैं कि हम पर लगाया गया जुर्माना माफ़ कर दिया जाये। आपकी अत्यधिक कृपा होगी।'

शास्त्री जी छात्रों की ओर देखकर सरल भाव से मुस्कराये और बोले- 'तुम लोगों ने अवश्य ही कोई ऐसा काम किया होगा जिसकी वजह से तुम पर जुर्माना किया गया है अन्यथा अध्यापक बिना किसी कारण के तो जुर्माना करेगा नहीं। उनमें तो अपने हर छात्रा के प्रति क्षमा और दयाभाव होता है। किसी के प्रति द्वेषभाव या अन्याय की भावना तो उनमें होती ही नहीं।



खैर, तुम्हारी आर्थिक मज़बूरी के कारण इस बार मैं तुम्हें जुर्माना देने से मुक्त करता हूं। हां, भविष्य में कभी अपने अध्यापकों को जुर्माना करने का अवसर मत देना।'

कहकर उन्होंने विद्यार्थियों के सम्मिलित प्रार्थना पत्रा पर लिख दिया कि इस बार उन्हें विशेष कारणों से जुर्माना देने से मुक्त किया जाता है।

जब शास्त्री जी के द्वारा जुर्माना माफ करने की बात अध्यापकों के कान में पड़ी तो वे खीज उठे। अपने आप को अपमानित सा समझ कर वे सभी शास्त्री जी के पास पहुंचे और बोले- 'श्रीमान्, हम लोगों ने उचित और आवश्यक जानकर विद्यार्थियों पर जुर्माना किया था परन्तु आपने उसे माफ करके उनका हौसला और भी बढ़ा दिया। इससे तो विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता उत्पन्न होगी। जब उनके हृदय से जुर्माना देने का भय निकल जायेगा तो अध्यापकों के प्रति आदर की भावना भी समाप्त हो जायेगी।'

अध्यापकों की बात सुनकर शास्त्री जी गम्भीर हो गये। कुछ देर के लिये वे गहरी सोच में खो गये। फिर वे अध्यापकों से बोले-मैं मानता हूं कि आप लोग जो भी कह रहे हैं वह बिल्कुल सही है परन्तु जब मैं किसी की निर्धनता और बेबसी को देखता हूं तो भावुक हो जाता हूं और कठोर नियमों को लचीला बना देता हूं।

जब भी कोई मजबूर और निर्धन व्यक्ति मेरे सम्मुख आकर अपनी गरीबी का रोना रोता है तो मुझे उसी समय अपने बीते दिन याद आ जाते हैं। जब मैं छोटा था तो बहुत निर्धन था। पैसे के लिये तरसता था।

एक बार स्कूल में समारोह था। सभी विद्यार्थियों को साफ धुले कपड़े पहन कर स्कूल आना था लेकिन उस दिन साबुन लाने के लिये एक आना भी मेरी मां के पास नहीं था। मैले कपड़े पहन कर ही मुझे स्कूल जाना पड़ा। अध्यापक के आदेश का पालन न करने पर मुझ पर आठ आने जुर्माना कर दिया। जब मेरी स्थिति एक आने का साबुन खरीदने की नहीं थी तो भला आठ आना जुर्माना कहां से भरता? अपनी उस स्थिति को याद करके मैं इतना भावुक हो जाता हूं। भावुकता में बहकर मैं नियमों की कट्टरता को भूल जाता हूं। आखिर भावुकता का भी तो हमारे जीवन में कोई स्थान है।

भावुकता भरे माहौल में अध्यापक गण भी भावुक हो गए और चुपचाप चल दिये। (उर्वशी)

## अच्छा घर

**नरेंद्र देवांगन**

सनी और मनी नाम की दो बतखें तालाब में तैर रहीं थीं। 'कितना सुहावना मौसम है। गुनगुनी धूप, हरीहरी घास और तालाब के आसपास खिले फूल मुझे तो सनी दीदी, अपना यह तालाब बहुत अच्छा लगता है।

हां, मनी, तुम्हारा खयाल ठीक है, पूरे इलाके में इस तालाब का कोई जबाव नहीं, सनी बतख ने बताया।

लेकिन दीदी, गनी बतख तो हर समय इस तालाब की बुराई करती रहती है। कहती है ऐसे तालाब में क्या रहना जहां दिन रात मेंढक टर्र टर्र लगाए रहते हों।

लेकिन बिना मेंढक का तालाब मिलेगा कहां? 'सनी ने पूछा।

इसी बीच गनी बतख तैरती आती दिखाई दी। उस के करीब आने पर सनी बोली, 'क्यों गनी, सुना है तुम और कहीं जा रही हो?

ठीक ही सुना है सनी, मैं तो एकांत में रहना चाहती हूं। मुझे न तो मेंढकों की टर्र टर्र पसंद है और न तुम लोगों की क्वाक क्वाक, गनी ने मुंह बना कर कहा।

'लेकिन तुम जाओगी कहां? मनी पूछ बठी।

अच्छी जगहों की कमी नहीं है। मैं कहीं भी अपना घर आसानी से बना कर मजे से रहूंगी, गनी बोली और चली गई।

गनी एक बाग में पहुंची। उस ने सोचा, इस बाग में किसी पेड़ के नीचे घर बनाना ठीक रहेगा।

वह जगह खोज ही रही थी कि सुन्नी गिलहरी आ धमकी। बोली, 'यहां क्या कर रही हो, बतख रानी?'

'मैं यहां अपना घर बनाऊंगी, बहन', गनी ने बताया।



यहां? अरे, गनी बहन, यह तुम्हारा तालाब नहीं है। यहां तो चालाक लोमड़ी रात दिन चक्कर काटती है। तुम्हें पेड़ पर घर बनाना चाहिए।

लेकिन मैं तो आज तक जमीन पर ही घर बनाती आई हूं, गनी बोली।

ठीक है, लेकिन यहां तो तुम पेड़ पर ही अपना घर बनाओ, नहीं तो लोमड़ी तुम्हें खा जाएंगी। सुन्नी ने गनी को समझाया।

गनी मान गई। वह पेड़ पर चढ़ने का प्रयास करने लगी लेकिन चढ़ नहीं पाई, गिर गई।

बोली, नहीं, सुन्नी बहन, मैं पेड़ पर अपना घर नहीं बना सकती। लगता है मुझे कोई और जगह तलाश करनी होगी, और वहां से चली गई।

वह एक खेत में पहुंची।

'हां' यह खेत अच्छा है। यहीं घर बनाऊंगी, गनी ने सोचा।

वह खेत में खड़ी इधर उधर देख रहीं थी। तभी टैटू चूहा दिखाई दिया।

बतख रानी इस खेत में क्या कर रही हो? टैटू दूर से चिल्लाया।

'मैं इस खेत में अपना घर बनाऊंगी, टैटू भाई, गनी ने बताया।

घर और इस खेत में? क्या कहती हो गनी बहन। यहां तो तुम्हें चालाक लोमड़ी चट कर जाएगी, टैटू ने उसे सतर्क किया।

सभी जगह लोमड़ी का डर है। फिर कहां घर बनाऊं, गनी ने मुंह फुल्लाकर कहा।

तुम्हें घर जमीन के अंदर बनाना चाहिए। आओ, मैं तुम्हें अपने बिल में ले चलूं।

गनी उस के पीछे पीछे गई। टैटू बिल में घुस गया। गनी ने बिल में घुसने की बहुत कोशिश की लेकिन केवल उस का सिर ही घुस पाया।

तभी पीछे से आवाज आई, यहां क्या हो रहा है, गनी?

गनी ने देखा, चालाक लोमड़ी दांत निकाले खड़ी थी।

गनी के रोंगटे खड़े हो गए। हिम्मत कर के बोली, मैं अपना घर बना रही हूं, मौसी।

'हां, हां, बनाओ। यहां तो बड़ी अच्छी जगह है, कहती हुई लोमड़ी आगे बढ़ गई।

लेकिन अब मैंने अपना विचार बदल दिया है, कहती हुई गनी वहां से भाग खड़ी हुई।

तालाब ही सब से अच्छी जगह है, वह सोच रही थी। गनी हांफती हुई तालाब में उतरी। तभी सनी और मनी बोली, क्यों, गनी, तुम लौट क्यों आई?

क्या कहूं दीदी, बाहर तो हर जगह खतरा है। सचमुच अपने तालाब जैसी कोई जगह नहीं।

देखो, मनी, मैंने कहा था न कि अपने इस तालाब का कोई मुकाबला नहीं, सनी बोली। (उर्वशी)

## मेहनती रामू

**भाषणा गुप्ता**

अक्सर बचपन में बच्चे मां-बाप की गोद में खेलते हैं। दोस्तों के साथ उछल-कूद मचाते हैं पर रामू को यह सब नसीब नहीं हुआ क्योंकि बचपन में ही उसके माता-पिता की एक रेल दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।

उस समय वह मात्रा आठ वर्ष का था। रेल में अपने माता-पिता के साथ वह भी था लेकिन संयोगवश वह बच गया। रेलवे के एक अधिकारी ने उसे आश्रय दिया। उस अधिकारी के अपने दो बच्चे थे जो रामू से काफी बड़े थे। वे दोनों रामू को बहुत प्यार करते थे। अधिकारी की पत्नी भी रामू से सहानुभूति रखती थी। रामू घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी मदद कर देता था।

दिन बीतते गए। रामू को एक बात की हैरानी थी कि उस अंकल ने कभी उससे उसकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में नहीं पूछा था जबकि वह पढ़ना चाहता था। जब उसके माता-पिता का देहांत हुआ तो वह अपने गांव के सरकारी स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता था। वह शुरू से ही पढ़ने में काफी होशियार था।

दीवाली का त्यौहार आया। अंकल ने अपने बच्चों के लिए नए कपड़े सिलवाए व उन्हें खूब सारे पटाखे लाकर दिए और फिर उन्हें रामू का ख्याल आया। उन्होंने रामू से पूछा, 'बेटा, तुम्हें दीवाली पर क्या चाहिए-पटाखे व नए कपड़े या फिर कुछ और.....।'



रामू बोला, 'मुझे न तो पटाखे चाहिए व न ही नए कपड़े। मैं तो पढ़ना चाहता हूं।' बात सुनकर अंकल को अपनी गलती का अहसास हुआ। उसकी पढ़ाई के बारे में सोचा ही नहीं था। बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु बाहर चले गए थे।

उन्होंने अगले वर्ष रामू को चौथी कक्षा में प्रवेश दिलवा दिया। अब रामू मन लगाकर पढ़ने लगा। वह पहले की तरह ही आंटी के साथ काम भी करवाता था।

एक बार आंटी सख्त बीमार पड़ गईं। रामू ने उनकी खूब सेवा की। वह सुबह जल्दी उठता। रसोई के कामों में घर की नौकरानी की मदद करता। बाजार से आंटी के लिए दवा व फल लाता। यदि अंकल को समय न होता तो सब्जी व अन्य सामान भी वही खरीदकर लाता। आंटी को समय पर दवा खिलाता। वह उनका पूरा ख्याल रखता था।

इस दौरान वह काफी दिन तक स्कूल नहीं जा पाया था। परीक्षाएं नजदीक आ रही थीं। अंकल को चिंता थी कि रामू फेल हो जाएगा लेकिन जब उसका परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो वह प्रथम श्रेणी से पास हुआ था।

सब यह देखकर दंग रह गए।

अंकल ने रामू से पूछा, 'बेटा, तुमने पढ़ाई कब की। पूरा दिन तो तुम आंटी की सेवा में ही...।'

रामू बोला, 'अंकल, रात को जब आप सब सो जाते थे तो मैं अपने कमरे में पढ़ाई कर लेता था।'

इसकी बात सुनकर अंकल व आंटी की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने उसे गले से लगा लिया।

अपनी लगन व परिश्रम से वही अनाथ रामू आगे चलकर डॉक्टर बन गया। (उर्वशी)

## 'जमीन के बदले नौकरी' मामले में सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने की लालू यादव की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को मंगलवार को उस वक्त एक बड़ा झटका लगा जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनके और उनके परिवार से जुड़े ''जमीन के बदले नौकरी'' मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद की इस दलील को खारिज कर दिया कि एजेंसी की कार्रवाई कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं, क्योंकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने अपने आदेश में कहा कि यह धारा 2018 में अमल में आई थी, जिसे भविष्य में प्रभावी बनाया गया था, जबकि आरोप 2004-2009 के हैं।

## ईडी ने 257 मामलों में साइबर अपराध से अर्जित 36,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति का पता लगाया: केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 28 फरवरी तक साइबर अपराध के 257 मामलों में कुल 35,925.58 करोड़ रुपये मूल्य की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाया है। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि एक स्थापित तंत्र के तहत, प्रवर्तन निदेशालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपने-अपने नोडल अधिकारियों के माध्यम से साइबर अपराध से संबंधित मामलों सहित सूचनाओं का आदान-प्रदान करती हैं। कुमार ने कहा, ''ईडी के अनुसार, 28 फरवरी 2026 तक उसने पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) के प्रावधानों के तहत साइबर अपराध से संबंधित लगभग 257 मामलों की जांच की, जिसके परिणामस्वरूप 35,925.58 करोड़ रुपये मूल्य की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाया गया।''

## भारतीय नौसेना का जंगी पोत 'नीलगिरि' आईएफआर में हिस्सा लेने ऑस्ट्रेलिया पहुंचा

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि फ्रिगेट श्रेणी का स्वदेशी और स्टील्थ भारतीय पोत 'नीलगिरि' रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'फ्लीट रिव्यू' (आईएफआर) में भाग लेने के लिए सिडनी पहुंच गया है। यह भारत की परियोजना 17ए का प्रमुख जहाज है। आईएफआर एक तरह से एक विशेष नौसैनिक समारोह है जिसके तहत कोई देश अपने पोतों, प्रौद्योगिकी और शक्ति का प्रदर्शन करता है। उन्होंने बताया कि 'रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी' (आरएएन) के समुद्री बहुपक्षीय अभ्यास 'काकाडू' के पहले चरण के पूरा होने के बाद यह पोत 21 मार्च को सिडनी पहुंचा।

## उत्तराखंड: यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर खुलेंगे

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजबर 35 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री यमुनोत्री मंदिर समिति ने बताया कि धाम के खुलने के समय का मुहूर्त यमुना जयंती के पर्व पर यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली में विधि विधान से पंचांग गणना के बाद निकाला गया। इस दौरान, श्री यमुनोत्री मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज और पंच पंडा समिति के सदस्य मौजूद रहे। यमुनोत्री के साथ ही गंगोत्री धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया के पर्व पर ही 19 अप्रैल को दोपहर सवा 12 बजे खुलेंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही इस वर्ष की चार धाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। बदरीनाथ धाम के कपाट, जहां 23 अप्रैल को सुबह सवा छह बजे खुलेंगे, वहीं केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल को सुबह आठ बजे खोले जाएंगे।

# पाकिस्तान दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित देश, भारत छठे नंबर पर

## उत्तर प्रदेश का लोनी विश्व का सबसे प्रदूषित शहर



**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है, जबकि बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर है। आठवीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है। स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'आईक्यूएयर' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में 143 देशों, क्षेत्रों और भूभागों के 9,446 शहरों में स्थित निगरानी स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। ये आँकड़े दुनिया भर के 40,000 से अधिक नियामक निगरानी केंद्रों और कम लागत वाले सेंसरों से प्राप्त किए गए हैं, जिनका प्रबंधन सरकारी एजेंसियों, विश्वविद्यालयों, गैर-लाभकारी संगठनों, निजी उद्यमों और जागरूक नागरिक वैज्ञानिकों सहित योगदानकर्ताओं के एक विस्तृत समूह द्वारा किया गया है। विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में चीन 20वें स्थान पर है, जबकि अमेरिका 120वें स्थान पर और ब्रिटेन 110वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल 13 देश या क्षेत्र - फ्रेंच पॉलिनेशिया, प्यूर्टो रिको, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, बारबाडोस, न्यू कैलेडोनिया, आइसलैंड, बरमूडा, रीयूनियन, एंडोरा, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनाडा, पनामा और एस्टोनिया - विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक औसत पीएम 2.5 दिशानिर्देश को पूरा कर पाये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 143 देशों या क्षेत्रों में से 130 (91 प्रतिशत) विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक औसत पीएम 2.5 दिशानिर्देश को पूरा नहीं कर पाये हैं। सबसे प्रदूषित पांच देश पाकिस्तान, बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य हैं।

## समर्पित एनआईए अदालतें यूएपीए मामलों की सुनवाई एक वर्ष के भीतर पूरी करें: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र सहित 17 राज्यों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित मामलों की सुनवाई एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि राज्य उन मामलों में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के लिए समर्पित अदालतें स्थापित कर सकते हैं जहां 10 से अधिक मामले लंबित हैं। पीठ ने कहा कि साथ ही वे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके समर्पित पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, ''राज्यों को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि विशेष एनआईए अदालतों में सुनवाई एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाए। ऐसा हो सकता है कि किसी एक मामले के निस्तारण में एक महीने से अधिक समय लगे, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि एक एनआईए मामले की सुनवायी औसतन एक महीने में पूरी हो जाएगी। इसके लिए प्रतिदिन सुनवाई होनी चाहिए और एक विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया जाना चाहिए।'' उसने कहा कि केंद्र ने एक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से प्रत्येक विशेष एनआईए अदालत के लिए गैर-आवर्ती व्यय के लिए एक करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान और आवर्ती व्यय के लिए प्रतिवर्ष एक करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है।

## ग्यारह वर्षों में 18,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खुले, सस्ती दरों पर मिल रही जेनेरिक दवाएं: नड्डा



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि देशभर में 18,646 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो लोगों को किफायती दरों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की शुरुआत 2008 में संप्रग सरकार ने की थी, लेकिन वर्ष 2014 तक केवल 80 जन औषधि केंद्र ही खोले गए थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में इस योजना का तेजी से विस्तार हुआ है। नड्डा ने बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देश में 18,646 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें से 2,370 केंद्र सरकारी अस्पतालों में खोले गए हैं, जहां दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में लगभग 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती उपलब्ध कराई जाती हैं। एक लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उत्पाद सूची में 2,110 दवाएं और 315 सर्जिकल उपकरण, मेडिकल उपभोग्य वस्तुएं एवं अन्य उपकरण शामिल हैं, जो हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, संक्रमण, एलर्जी और जठरांत्र संबंधी रोगों सहित प्रमुख चिकित्सीय श्रेणियों में आते हैं।

## अन्नाद्रमुक ने सत्ता में आने पर चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर देने का वादा किया



**चेन्नई :** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने मंगलवार को घोषणा की कि यदि उनकी पार्टी 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर सत्ता में आती है, तो सभी चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त में रेफ्रिजरेटर दिए जाएंगे। उन्होंने साथ ही तमिलनाडु में चावल श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को हर महीने एक किलोग्राम दाल और एक लीटर खाना पकाने का तेल मुफ्त में उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पलानीस्वामी की घोषणाएं पार्टी की दिवंगत नेता जे जयललिता की नीति के अनुरूप है, जिन्होंने 2011 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले अन्नाद्रमुक के चुनावी घोषणापत्र में मुफ्त पंखे, मिक्सर-ग्राइंडर देने की लोकप्रिय योजना की घोषणा की थी। जयललिता ने 2011 में सत्ता में आने पर पूर्व मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुरई की जयंती 15 सितंबर पर इन मुफ्त के उपहारों का वितरण शुरू किया था। अन्नाद्रमुक के यहां स्थित राज्य मुख्यालय में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए पलानीस्वामी ने कहा, ''मुफ्त फ्रिज का उद्देश्य गृहिणियों के घरेलू काम का भार कम करना है।'' निवर्तमान विधानसभा की मुख्य विपक्षी पार्टी पहले ही पात्र परिवारों को प्रति वर्ष तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने और जल्लीकट्टू के दौरान बैल को काबू करने वालों की मृत्यु होने की स्थिति में परिवारों को 10 लाख रुपये का अनुग्रह राशि देने का वादा कर चुकी है। अन्नाद्रमुक ने इसी के साथ कई और चुनावी वादे किये हैं। पलानीस्वामी ने महिलाओं के लिए पहले ही कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा कर दी थी, जैसे कि 2,000 रुपये की मासिक सहायता, पांच लाख कामकाजी महिलाओं को 25,000 रुपये की सब्सिडी के साथ अम्मा दो पहिया वाहन देने, बैंकों से लिए गए शिक्षा ऋण की माफी, बुजुर्गों और अन्य लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 2,000 रुपये करना, पुरुषों के लिए महिलाओं के समान मुफ्त बस यात्रा योजना, ग्रामीण रोजगार योजना को 150 दिनों तक बढ़ाना, और करों के बोझ और मूल्य वृद्धि से निपटने के लिए प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान का वादा शामिल है।

### द्रमुक ने गठबंधन सहयोगी डीएमडीके को 10 सीट दीं

चेन्नई : तमिलनाडु की सत्ताधारी द्रमुक ने 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को अपनी सहयोगी दल डीएमडीके को 10 सीट दीं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन और डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने द्रमुक के मुख्यालय 'अन्ना अरिवलयम' में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें डीएमडीके के लिए 10 सीट की पुष्टि की गई। द्रमुक ने कांग्रेस पार्टी को 28 सीट दी हैं, जिसके बाद दिवंगत 'कैप्टन' विजयकांत द्वारा 2005 में बनायी गयी डीएमडीके को सबसे अधिक सीट दी गई हैं।

## नासिक: 'स्वयंभू बाबा' के खिलाफ जांच का दायरा बढ़ा, 1,500 करोड़ रुपये की संपत्ति, 100 वीडियो बरामद

**मुंबई :** 'स्वयंभू बाबा' एवं बलात्कार के आरोपी अशोक खरात के खिलाफ मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 1,500 करोड़ रुपये की संपत्ति और 100 आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए हैं। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी। अधिकारी ने बताया कि इस बरामदगी से जांच का दायरा बढ़ा है और नासिक पुलिस और आयकर विभाग को भी जांच में शामिल किया गया है। खरात नासिक जिले के सिन्नर में एक मंदिर ट्रस्ट का प्रमुख है और जिससे वर्षों से कई नेता मिलने आते रहे हैं। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जब 35-वर्षीय एक महिला ने उस पर तीन साल की अवधि में बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगाया था। खरात के खिलाफ सात महीने की गर्भवती महिला और एक अन्य महिला का फिर से विवाह कराने के नाम पर यौन शोषण करने के आरोप में दो और मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया, ''एसआईटी ने 100 आपत्तिजनक वीडियो और खरात से संबंधित लगभग 1,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की है। आयकर विभाग खरात और उससे जुड़े लोगों की वित्तीय अनियमितताओं और संपत्ति की जांच कर रहा है, जबकि साइबर पुलिस वीडियो की जांच कर रही है।''

## सार्वजनिक बैंकों ने 60,518 करोड़ रुपये की बिना दावा वाली राशि रिजर्व बैंक कोष में भेजी : सरकार

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने जनवरी 2026 के अंत तक भारतीय रिज़र्व बैंक के 'खाताधारकों की शिक्षा एवं जागरूकता कोष' (डीईए) में 60,518 करोड़ रुपये की बिना दावा वाली राशि स्थानांतरित की है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने उच्च सदन को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों के पास फरवरी के अंत तक दावा न की गई बीमा राशि 8,973.89 करोड़ रूपये थी और सेबी नियमों के तहत म्युचल फण्ड में दावा न की गई राशि का मूल्य 3,749.34 करोड़ रूपये था। उन्होंने कहा कि सही दावेदारों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने, दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों के मौजूदा स्टॉक और उसमें होने वाली नई बढ़ोतरी, दोनों को कम करने तथा नागरिकों के लिए दावा प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाने के वास्ते वित्तीय क्षेत्र के नियामकों द्वारा विभिन्न उपाय किए गए हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार ने 'सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड' में निवेशकों की रुचि की समीक्षा की है। 'सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड' सरकारी बॉण्ड होते हैं।

## बीएसएफ जवान की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई : एनसीबी

**जम्मू :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बताया कि उसके द्वारा एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए बीएसएफ कांस्टेबल की मौत दो बार दिल का दौरा पड़ने से हुई। मृत कांस्टेबल के परिजनों ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल जसविंदर सिंह को मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में पूछताछ के सिलसिले में तीन मार्च को जम्मू से पकड़ा गया और गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से कांस्टेबल की मृत्यु हो गई और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के दिशानिर्देशों के तहत आगे की कार्यवाही की जा रही है। एनसीबी ने एक बयान में कहा कि जम्मू के आरएस पुरा निवासी सिंह को एजेंसी की जम्मू इकाई ने भारी मात्रा में हेरोइन की जब्ती से जुड़े एक मामले में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। एनसीबी ने कहा, उनके भाई पुपिंदर सिंह को इसी मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुपिंदर आदतन अपराधी है और पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत छह मामले दर्ज हैं।

## दिल्ली सरकार ने 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट किया पेश



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट मंगलवार को पेश किया। मुख्यमंत्री ने इसे 'हरित बजट' करार दिया और कहा कि शहर इस समय बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि ''ट्रिपल इंजन'' सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। गुप्ता ने साथ ही कहा कि मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति से वृद्धि दर प्रभावित हुई और 2018 से 2020 के बीच राजस्व में गिरावट देखी गई। बजट में 74,000 करोड़ रुपये कर राजस्व का अनुमान लगाया गया है, जबकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए 11,666 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय देश में तीसरे स्थान पर है। बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को 5,921 करोड़ रुपये जबकि शहरी विकास एवं आश्रय परियोजनाओं के लिए 7,887 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा, '' हमारा लक्ष्य सुरक्षित सड़कें, जलवायु गलियारे और बेहतर संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करना है।'' बिजली विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, 'ओवरहेड' बिजली तारों को हटाने के लिए अलग से 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यमुना पार क्षेत्र के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये, जबकि दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के लिए 787 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। शहर में धूल-मुक्त सड़कों के विकास के लिए 1,352 करोड़ रुपये रखे गए हैं जिसके तहत 750 किलोमीटर सड़कों की 'एंड-टू-एंड रिकार्पेटिंग' (एक छोर से दूसरे छोर तक पूरी सतह को उखाड़कर या उसके ऊपर डामर की एक नई एवं मजबूत परत बिछाना) की जाएगी। बजट में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 160 करोड़ रुपये का भी प्रावधान किया गया है। गैर-अनुरूप (नॉन-कन्फॉर्मिंग) क्षेत्रों के लिए यह पहली बार ऐसा आवंटन है। गैर-अनुरूप (नॉन-कन्फॉर्मिंग) क्षेत्र से तात्पर्य उन शहरी या औद्योगिक क्षेत्रों से है जो मौजूदा मास्टर प्लान, जोनिंग नियमों या भूमि उपयोग मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके अलावा नजफगढ़ नाले के लिए 454 करोड़ रुपये जबकि विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलएएलएडी) के लिए 350 करोड़ रुपये रखे गए हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में मोदी मिल फ्लाईओवर को कालकाजी और सावित्री सिनेमा चौराहे तक बढ़ाने के लिए 151 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस परियोजना की कुल लागत 371 करोड़ रुपये अनुमानित है।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए भारत की भूमिका 'अपरिहार्य': ट्रंप प्रशासन



**नयी दिल्ली :** ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साथ-साथ एशिया में अनुकूल शक्ति संतुलन सुनिश्चित करने के लिए भारत की भूमिका अपरिहार्य है। उन्होंने भू-राजनीति में हो रहे व्यापक बदलाव के मद्देनजर दोनों पक्षों के बीच गहरे रक्षा संबंधों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। अमेरिकी युद्ध नीति के उप सचिव एलब्रिज कोल्बी ने अनंत केंद्र में अपने संबोधन में भारत-अमेरिका रणनीतिक जुड़ाव के महत्व को रेखांकित करते हुए चार प्रमुख बिंदुओं को सूचीबद्ध किया और इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी एक शक्ति का प्रभुत्व नहीं होना चाहिए। उनके इस बयान को परोक्ष रूप से चीन की तरफ संकेत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका का मानना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अनुकूल शक्ति संतुलन सुनिश्चित करने में भारत केंद्रीय भूमिका निभाएगा। इस संदर्भ में, एक मजबूत और आत्मविश्वासी भारत न केवल भारतीय जनता के लिए अच्छा है, बल्कि अमेरिकियों के लिए भी अच्छा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच कोल्बी की दो दिवसीय नयी दिल्ली यात्रा का विशेष महत्व है।

## पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर अधिकारी की आत्महत्या के मामले में पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए



**चंडीगढ़ :** पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को मंगलवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। भुल्लर को पंजाब भंडारण निगम (पंजाब वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन) के एक अधिकारी की कथित आत्महत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। भुल्लर को मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमृतसर की एक अदालत में पेश किया गया। हरे रंग की पगड़ी पहने भुल्लर अदालत से बाहर निकलते समय हाथ जोड़े बैठे दिखाई दिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत ने भुल्लर को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने को मंजूरी दे दी। भुल्लर के कई समर्थक भी अदालत के बाहर मौजूद थे। भुल्लर पर अधिकारी गगनदीप सिंह रंधावा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। रंधावा की कथित आत्महत्या के दो दिन बाद पूर्व मंत्री को सोमवार को फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोविंदगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद भुल्लर को सोमवार शाम अमृतसर लाया गया था। अमृतसर में 'पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन' के जिला प्रबंधक रंधावा ने कथित तौर पर शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

## स्थायी कमीशन से वंचित महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई ''मानी'' जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो। यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। फैसले के मुख्य भागों को पढ़ते हुए, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, एसीआर इस धारणा के साथ लिखी गई कि उनके करियर में कोई प्रगति नहीं होगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पीठ ने वायुसेना, नौसेना और थलसेना की शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन से वंचित किए जाने के मामले पर अलग-अलग विचार किया। वायुसेना के संबंध में, पीठ ने पाया कि 2019 में पेश किए गए ''सेवा अवधि मानदंड'' और ''न्यूनतम प्रदर्शन मानदंड'' को जल्दबाजी में लागू किया गया था, जिससे अधिकारियों को उन्हें पूरा करने का उचित अवसर नहीं मिला।

## माओवादी कमांडर पापा राव ने अपने 17 सहयोगियों के साथ किया



**कवर्धा/रायपुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के वरिष्ठ कमांडर पापा राव ने मंगलवार को अपने दल के 17 सदस्यों के साथ सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक पापा राव का समर्पण छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक अहम पड़ाव है। उन्होंने बताया कि यह समर्पण देश के सबसे लंबे समय से चल रहे उग्रवादों में से एक के कमजोर होने का स्पष्ट संकेत है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने कहा, '' नक्सली संगठन में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) सदस्य तथा साउथ सब जोनल ब्यूरो के इंचार्ज पापा राव का 17 अन्य साथियों के साथ पुनर्वास, क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने के हमारे सतत प्रयासों में एक निर्णायक सफलता का प्रतीक है।'' सुंदरराज ने बताया कि पापा राव, डिविजनल कमेटी सदस्य प्रकाश मड़वी, अनिल ताती सहित कुल 18 माओवादियों के इस समूह ने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की इच्छा के साथ आत्मसमर्पण किया है। इनमें सात महिला नक्सली भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आत्मसपर्मण के दौरान एके-47 राइफलें तथा अन्य हथियार भी सौंपे।

### ओडिशा: कंधमाल में 55 लाख रुपये के इनामी माओवादी सुक्रू ने आत्मसमर्पण किया

भुवनेश्वर : ओडिशा के सर्वाधिक वांछित और 55 लाख रुपये के इनामी माओवादी सुक्रू ने मंगलवार को कंधमाल जिले में चार अन्य साथियों के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाईबी खुरानिया ने दी। खुरानिया ने बताया कि प्रदेश समिति के सदस्य सुक्रू ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि मलकानगिरी जिले के मूल निवासी सुक्रू को राज्य में सक्रिय बचे अंतिम माओवादी नेताओं में से एक माना जाता था। यह आत्मसमर्पण ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार द्वारा वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की 31 मार्च की समय सीमा नजदीक आ रही है।

## महिला आरक्षण कानून में संशोधन में हो सकती है देरी; समय से पहले संसद सत्र स्थगित होने की संभावना

**नयी दिल्ली**

सरकार द्वारा लोकसभा की सीट को बढ़ाकर 816 करने के लिए तत्काल विधेयक लाने की संभावना नहीं है, क्योंकि संसद का मौजूदा सत्र निर्धारित अवधि से पहले ही स्थगित हो सकता है, लेकिन सत्रावसान नहीं किया जाएगा ताकि अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद इसे फिर से बुलाये जाने का विकल्प खुला रहे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लोकसभा में सीट की संख्या बढ़ाने का उद्देश्य 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करना है। सूत्रों ने संकेत दिया है कि सरकार द्वारा अगले कुछ दिनों में संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश करने की संभावना बहुत कम है, जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के रूप में जाना जाता है, में बदलाव करेगा। ऐसी जानकारी मिली है कि मंगलवार शाम तक, केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष विधेयक का मसौदा पेश करने का कोई प्रस्ताव नहीं था। मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को होनी है। घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र ने बताया, ''महिला आरक्षण कानून में संशोधन के लिए कार्यक्रम तय करने से पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ और विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।''

### महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: विपक्ष

विपक्षी दलों ने मंगलवार को सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कार्यालय में सोमवार को विपक्षी नेताओं की एक बैठक के बाद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 (महिला आरक्षण विधेयक) को लागू करने की रूपरेखा को लेकर सरकार से विचार-विमर्श करने के लिए सर्वदलीय बैठक की जरूरत पर जोर दिया गया था। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया।

## मंधाना दूसरे स्थान पर कायम, हरमनप्रीत टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची



**दुबई:** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।

## भगदड़ में मारे गए लोगों की याद में अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे आरसीबी के खिलाड़ी



**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा।'

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम नैरोबी में फीफा सीरीज के सेमीफाइनल में कीनिया से भिड़ेगी

**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला फुटबॉल टीम अगले महीने फीफा अंतरराष्ट्रीय महिला मैच विंडो के दौरान नैरोबी में फीफा सीरीज 2026 के सेमीफाइनल में मेजबान कीनिया का सामना करेगी, जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना मलावी से होगा। दोनों मैच 11 अप्रैल को खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'सेमीफाइनल की विजेता और हारने वाली टीमें 15 अप्रैल को फाइनल और तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में भिड़ेंगी।' फीफा रैंकिंग में भारत चारों टीम में दूसरे स्थान पर है।

# रिंकू सिंह केकेआर के उप-कप्तान नियुक्त




**कोलकाता:** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मंगलवार को आईपीएल 2026 के लिए विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया। यह फैसला फ्रेंचाइजी की दीर्घकालिक नेतृत्व रणनीति की ओर संकेत करता है। रिंकू सिंह कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ टीम की जिम्मेदारियां निभाएंगे, जिन्हें आईपीएल 2025 के निराशा-जनक प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा गया है। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने टीम के 'नाइट्स अनप्लग्ड 3.0' कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा करते हुए कहा, रिंकू कप्तान के साथ करीबी तालमेल में काम करेंगे। मुख्य कोच अभिषेक नायर ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि टीम में रिंकू के विकास ने उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए स्वाभाविक विकल्प बना दिया है। नायर ने कहा, मैंने उन्हें पिछले कुछ वर्षों में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित होते देखा है। टीम हमेशा उनसे उम्मीद रखती है, इसलिए हम उन्हें थोड़ी और जिम्मेदारी देना चाहते थे। मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद यह बिल्कुल सही समय है। रिंकू सिंह का आईपीएल सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। 2018 में 80 लाख रुपये में खरीदे जाने से लेकर आईपीएल 2025 से पहले 13 करोड़ रुपये में रिटेन किए जाने तक उनका कद लगातार बढ़ा है। अंतिम ओवर में लगातार पांच छक्के जड़ने की उनकी ऐतिहासिक पारी ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया और भारतीय टीम में जगह भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान रहाणे और रिंकू को एक साथ मंच पर बुलाया गया, जहां रिंकू को दर्शकों से सबसे जोरदार समर्थन मिला। कई प्रशंसक रिंकू को कप्तान बनाओ के नारे लगाते नजर आए, जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है। टीम में चोटिल खिलाड़ियों हर्षित राणा, मथीशा पथिराना और आकाश दीप को छोड़कर बाकी सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद थे। आकाश दीप इस सत्र से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरव दूबे को टीम में शामिल किया गया है। केकेआर की टीम 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले अपने पहले मुकाबले के लिए बुधवार को मुंबई रवाना होगी। सैंतीस वर्षीय रहाणे पिछले सत्र में 390 रन के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। इसके बावजूद केकेआर केवल पांच जीत के साथ आठवें स्थान पर रही, जो 2009 के बाद उसका सबसे खराब प्रदर्शन था।

### आईपीएल कप्तानों की बैठक में उपनियम के प्रभाव और आचार संहिता पर चर्चा होगी

**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण की तैयारियों के मद्देनज़र भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) बुधवार को यहां सभी फ्रेंचाइज़ी कप्तानों की अहम बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक में 'इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट' नियम और आचार संहिता जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। बीसीसीआई के साथ कप्तानों की यह बैठक एक परंपरा रही है, जिसमें नियमों और उनके क्रियान्वयन को लेकर खिलाड़ियों को जानकारी दी जाती है। इस बार बैठक को भारत के पूर्व खिलाड़ी जावागल श्रीनाथ और नितिन मेनन संबोधित करेंगे, जो क्रमशः मैच रेफरी और अंपायर पैनल के प्रमुख हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई से बताया, इस वर्ष नियमों में कोई नया बदलाव नहीं है। चूंकि कुछ कप्तान और कोच नए हैं, इसलिए उन्हें मौजूदा नियमों की जानकारी देना आवश्यक है।

## लैंगर को उम्मीद, इस बार कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत




**लखनऊ:** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को उम्मीद है कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज एक क्रिकेटर के रूप में तब और भी बेजोड़ बन जाता है जब खेलते समय उनके चेहरे पर मुस्कान होती है। एलएसजी ने पिछले साल पंत को 27 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन आईपीएल 2025 में पंत और एलएसजी के लिए खुश होने का कोई खास कारण नहीं था, क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। लैंगर ने कहा कि हालांकि पंत पिछले साल अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे तथा इस दौरान उनके साथ बिताए गए समय से फ्रेंचाइजी और कोचिंग स्टाफ को उनके बारे में और अधिक समझने में मदद मिली। लैंगर ने जियोहॉटस्टार से कहा, अगर हम ऋषभ को हंसते-मुस्कुराते और मस्ती करते हुए देखते हैं, तो वह एक शानदार कप्तान साबित होगा। यही हमने पिछले साल सीखा था। वह एक नई फ्रेंचाइजी में शामिल हुआ था और अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन इस बार हम ऋषभ को पहले से अधिक सहज देख रहे हैं। वह अब खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानता है और हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह खूब मस्ती कर रहा है। जब वह क्रिकेट खेलता है तो उससे अधिक रोमांचक खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं होता है। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श, उनके दक्षिण अफ्रीकी समकक्ष एडन मारक्रम और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन की मौजूदगी में एलए-सजी की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। इसके बावजूद टीम पिछले साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। लैंगर ने कहा कि टीम ने नीलामी में इसकी भरपाई कर दी है।

## 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम बना रहेगा: गांगुली



**नोएडा:** हरफनमौला खिलाड़ियों की नाराजगी के बावजूद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम आगे भी बना रहेगा। भारतीय टी20 उप-कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल द्वारा इस नियम की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद गांगुली ने कहा कि विभिन्न मतों के बावजूद इस नियम को हटाए जाने की संभावना बेहद कम है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, मुझे लगता है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम रहेगा। जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष था, तब यह आ चुका था। यह यहीं रहेगा, किसी को पसंद आएगा, किसी को नहीं। यह नियम टीमों को अपनी एकादश में से किसी भी खिलाड़ी को मैच के दौरान पांच में से किसी एक विकल्प से बदलने की अनुमति देता है। पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि लीग में कई युवा खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिनमें जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी शामिल हैं। नबी को दिल्ली कैपिटल्स ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा है। गांगुली ने कहा, वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, यशस्वी जयसवाल, आयुष महात्रे और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, मैं औकिब नबी को देखने के लिए उत्सुक हूं। वे सभी युवा है वाशिंगटन सुंदर युवा हैं, तिलक वर्मा युवा हैं। वे सभी अपने चरम पर हैं और यही आईपीएल की पहचान है। गांगुली के मार्गदर्शन में प्रिटोरिया कैपिटल्स एसए20 लीग में उपविजेता रहा। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में कोच की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं।

### आदित्य बिरला ग्रुप के नेतृत्व वाला समूह 1.78 अरब डॉलर में आरसीबी का अधिग्रहण करने के लिए तैयार

**बेंगलुरु :** यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने आईपीएल फ्रेंचाइजी आरसीबी को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 16,660 करोड़ रुपये के नकद सौदे में बेच दिया है। सूत्रों के अनुसार, इस समूह ने यूएसएल के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है। यूएसएल, ब्रिटेन की डियाजियो की सहायक कंपनी है और वह अब आरसीबी से बाहर निकलना चाहती है क्योंकि यह टीम उनके मुख्य व्यवसाय का हिस्सा नहीं थी। समझौते के तहत एबीजी के निदेशक आर्यमान विक्रम बिड़ला को आरसीबी का चेयरमैन बनाया जाएगा, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यन गजवानी उनके उप प्रमुख होंगे। इस सौदे को हालांकि अभी बीसीसीआई और आईपीएल संचालन समिति के साथ-साथ महिला प्रीमियर लीग और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है।

### आज सोमानी के नेतृत्व वाला समूह राजस्थान रॉयल्स को 1.63 अरब डॉलर में खरीदने की तैयारी में

**नयी दिल्ली:** आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स को अमेरिका स्थित कल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (समूह) को 1.63 अरब डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये ) में बेचे जाने की तैयारी है। इस कंसोर्टियम में वॉलमार्ट परिवार से जुड़े रॉब वॉलटन और फोर्ड परिवार से जुड़े हैम्प परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। एरिज़ोना स्थित टेक उद्यमी कल सोमानी ने इन्ट्राएज, 'ट्रूयो डॉट एआई' और एकेडेमियन जैसी कंपनियों की स्थापना की है। इस बोली में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, आदित्य बिड़ला समूह और आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी दावेदारों में शामिल थे। यह सौदा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के अधीन होगा और 2026 आईपीएल सत्र के बाद प्रभावी होगा। वर्तमान में ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बादले के पास टीम में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



## पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी, पीएनजी की कमी से जूझ रहा है एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग



**नयी दिल्ली:** उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है। एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है। संघ ने सरकार को लिखे हालिया पत्र में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और घरों में आपूर्ति की जाने वाली पाइप वाली प्राकृतिक (पीएनजी) की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हुई है। ये दोनों ईंधन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन विनिर्माण में गलाने, गर्म करने और 'एजिंग' प्रक्रियाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। संघ के अनुसार, इसकी कमी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आपूर्ति में प्राथमिकता तय किए जाने के कारण कई एक्सट्रूजन इकाइयों को बंद करना पड़ा है या उत्पादन 30 से 70 प्रतिशत तक घटाना पड़ा है। एएलईएमए देश की लगभग 450 एल्युमिनियम एक्सट्रूजन कंपनियों में से करीब 250 का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) हैं। संघ का कहना है कि यदि समय पर हस्तक्षेप नहीं किया गया तो पूंजी-गहन यह क्षेत्र कार्यशील पूंजी कमी और कर्ज भुगतान में चूक की स्थिति में पहुंच सकता है।

## सेबी का गिफ्ट कार्ड के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश की अनुमति देने पर विचार

**नयी दिल्ली:** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए गिफ्ट कार्ड या गिफ्ट प्रीपेड भुगतान कार्ड (पीपीआई) शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य नए निवेशकों को शामिल करके वित्तीय समावेश को बढ़ावा देना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि इसके तहत, गिफ्ट पीपीआई का खरीदार इसे किसी प्राप्तकर्ता को उपहार में दे सकता है, जो इसका उपयोग म्यूचुअल फंड यूनिट खरीदने के लिए कर सकता है। इन पीपीआई में निवेश केवल भारतीय बैंक खाते से इलेक्ट्रॉनिक बैंक ट्रांसफर (यूपीआई) के माध्यम से किया जा सकेगा। इनकी वैधता जारी होने की तारीख से एक वर्ष तक रहेगी। सेबी ने गिफ्ट पीप-ीआई के माध्यम से किए गए निवेश के लिए प्रति निवेशक प्रति वित्त वर्ष 50,000 रुपये की सीमा का सुझाव दिया है। नियामक ने कहा, 'संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की ओर से आरटीए (रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट) प्रत्येक निवेशक द्वारा प्रति वित्त वर्ष में प्रति एएमसी गिफ्ट पीप-ीआई, ई-वॉलेट और नकद के माध्यम से किए गए निवेश की राशि पर नजर रखेंगे। यदि गिफ्ट पीपीआई भुनाकर होने वाला लेनदेन 50,000 रुपये से अधिक हो जाता है, तो आरटीए लेनदेन को अस्वीकार कर देगा और पीपीआई का अंकित मूल्य जारीकर्ता के एस्क्रो खाते में वापस कर दिया जाएगा।'

# हम सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल जुटा सकते हैं आठ लाख करोड़ रुपये : गडकरी



**मुंबई:** राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है और इस पर अधिक खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया एक रुपया, अर्थव्यवस्था में तीन रुपये के बराबर की गतिविधियां पैदा करती हैं। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बुनियादी ढांचे पर किए गए खर्च के सकारात्मक प्रभाव का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पहले जो इलाका जंगल था, उसने रियल एस्टेट में आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है।

### सरकार ने यूएई के साथ व्यापार समझौते के तहत सोने के आयात पर टीआरक्यू लाइसेंस की वैधता बढ़ाई

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशियाई संकट के बीच सरकार ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत कोटा आधारित शुल्क रियायत पर सोने के आयात के लिए जारी लाइसेंस की वैधता तीन जून तक बढ़ा दी है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत, भारत ने शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के तहत सोने के आयात पर कोटा-आधारित शुल्क रियायतें दी हैं। एक सरकारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया, 'वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक्स को प्रभावित करने वाले मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर और आयातकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, विदेश व्यापार महानिदेशक, भारत-यूएई सीईपीए के तहत सोने के आयात के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में जारी टीआरक्यू प्राधिकरण की वैधता को 31 मार्च, 2026 की मौजूदा वैधता से 30 जून, 2026 तक बढ़ाते हैं।'

### सरकार ने उपभोक्ता-केंद्रित गैस वितरण को मजबूत करने के लिए कदम उठाए

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को उपभोक्ता-केंद्रित गैस सेवा वितरण को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपायों की शुरुआत की है। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के उपयोग में बदलाव से उपभोक्ताओं पर अत्यधिक वित्तीय बोझ न पड़े। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नए ढांचे के तहत अब पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसका लक्ष्य सेवा मानकों में सुधार करना और उन क्षेत्रों में एलपीजी से पीएनजी की ओर क्रमिक बदलाव को सुगम बनाना है जहां पाइपलाइन बुनियादी ढांचा पहले से मौजूद है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह नीति उन क्षेत्रों में लचीलापन प्रदान करती है जहां तकनीकी कारणों से पहुंच फिलहाल संभव नहीं है। सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए इस नीति में ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिससे स्थानीय अधिकारी या निजी संस्थाएं पाइपलाइन विकास के लिए मार्ग देने से मनमाने तरीके से इनकार न कर सकें। इन कदमों से गैस वितरण नेटवर्क में विविधता आएगी और एक ही ईंधन स्रोत पर निर्भरता कम होगी, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। तेज अनुमोदन और स्पष्ट नियामक दिशानिर्देश कारोबार सुगमता और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद करेंगे।

### ट्रंप के बयान से शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत




**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, केवल पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट आई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 93.76 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 23 पैसे लुढ़ककर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.76 पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 23 पैसे की गिरावट है।

### जेप्टो ने शुरू की 'पे लेटर' सुविधा; अब बिना ओटीपी के कर सकेंगे भुगतान

**नयी दिल्ली:** सामान की फटाफट आपूर्ति करने वाले मंच जेप्टो ने मंगलवार को अपने ऐप पर 'पे लेटर' (बाद में भुगतान) और ताजा सब्जियों की असली तस्वीरें देखने जैसी कई नई सुविधाएं शुरू की हैं। कंपनी अब अपना ध्यान केवल '10 मिनट में डिलिवरी' से हटाकर ग्राहकों की जरूरतों और सुविधा पर केंद्रित कर रही है। कंपनी का कहना है कि अब मुकाबला केवल तेजी से सामान पहुंचाने का नहीं, बल्कि ग्राहकों की रोजमर्रा की खरीदारी को आसान और स्मार्ट बनाने का है। इस नई सुविधा के तहत ग्राहकों को 15 दिन का 'ब्याज-मुक्त' समय मिलेगा। यानी ग्राहक सामान आज मंगा सकते हैं और उसका भुगतान 15 दिन बाद कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से छोटे और बार-बार होने वाले ऑर्डर के लिए बनाई गई है। इसमें भुगतान के लिए किसी ओटीपी की जरूरत नहीं होगी।

### अब स्विगी ने भी बढ़ाया प्लेटफॉर्म शुल्क, प्रति ऑर्डर देने होंगे 17.58 रुपये

**नयी दिल्ली:** प्रमुख ऑनलाइन खाना मंगाने की सुविधा देने वाला मंच स्विगी ने ग्राहकों से लिए जाने वाले 'प्लेटफॉर्म शुल्क' में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब ग्राहकों को हर ऑर्डर पर 17.58 रुपये का प्लेटफॉर्म शुल्क देना होगा। स्विगी ने यह कदम अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी जोमैटो द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया है। स्विगी के ऐप पर मंगलवार को दिख रहे शुल्कों के अनुसार, अब प्रति ऑर्डर 17.58 रुपये (जीएसटी सहित) लिए जा रहे हैं। इससे पहले स्विगी ने पिछले साल सितंबर में अपने प्लेटफॉर्म शुल्क में बढ़ोतरी की थी।

### दिल्ली में सोना 1,200 चढ़कर 1.44 लाख रुपये पर, चांदी स्थिर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसके भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी की कीमतें 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने घरेलू सोने की कीमतों में आए इस उछाल का श्रेय वैश्विक जिंस बाजारों में आये सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई कुछ खरीदारी को दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना नौ सत्रों की गिरावट के बाद संभला और 16.96 डॉलर या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 4,423.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

वर्ष 11, पूर्णांक 3541 अंक 007 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in